दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — बोले- किसी का रकबा नहीं काटा...
4 अभिव्यक्ति — धरती के अभिन्न अंग हैं वन्य जीव...
9 मनोरंजन/खेल — पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ सकती...
11 व्यापार — ईयरफोन और तेज डीजे से बचाएं...

www.navpradesh.com
रायपुर, मंगलवार 03 मार्च, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-26 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

महिला सशक्तीकरण की दिशा में अनूठी पहल करने के लिए मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार का राष्ट्रीय बेवड़ा संघ को वंदन और अभिनंदन करना चाहिए। आधी आबादी को भी अपने पसंदीदा पेय पदार्थ के सेवन का हक है। ये अच्छी बात नहीं है की उन्हें पुरूषों के साथ कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़े। मध्यप्रदेश में अब महिलाओं के लिए अलग शराब दुकाने खोली जाएंगे। नए ब्रांड को प्रमोट करने वाईन फेस्टीवल भी आयोजित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश सरकार को चाहिए कि वह लगे हाथ- झूम बराबर झूम शराबी... को प्रादेशिक गान घोषित कर दें।

आर्थिक सर्वेक्षण : छत्तीसगढ़ की प्रति व्यक्ति आय में 6.35% का इजाफा

नव प्रदेश संवाददाता

- राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में पेश
- प्रति व्यक्ति आय 6.35 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को राज्य की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। संसदीय मंत्री रविन्द्र चौबे ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट में जीडीपी में स्थिर भाव 2011-12 के आधार पर 5.32 प्रतिशत तो प्रचलित दरों में 8.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में प्रतिव्यति आय की बात करें तो 2019-20 में प्रतिव्यक्ति आय 98281 अनुमानित है, जो 2018-19 में 92413 रुपए में 6.35 प्रतिशत की वृद्धि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जीडीपी 2019-20 में 8.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

जीडीपी 2019-20 प्रचलित दरों में 8.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान दर्शाया गया है। 2018 19 में जीडीपी 304063 करोड़ से बढ़ कर 2019-20 में 329180 करोड़ संभावित है। 2018-19 की तुलना में 8.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है प्रति व्यक्ति आय 98281 अनुमानित हैं जो 2018-19 में 92413 रुपए में 5.32 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल के 92413 रुपए में 6.35 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया है।

फरवरी में भारत की बेरोजगारी दर पहुंची 7.78%

नई दिल्ली ए.। देश में बेरोजगारी की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। न्यूज एजेंसी रायटर के मुतबिक फरवरी में भारत की बेरोजगारी दर 7.78% पहुंच गई है। यह आंकड़ा पिछले चार महीनों में सबसे ज्यादा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी ने सोमवार को डेटा जारी कर यह जानकारी दी है। बता दें कि सितंबर से दिसंबर 2019 के चार महीनों में बेरोजगारी की दर 7.5 फीसदी तक थी। वहीं बेरोजगारी की दर अगस्त और अक्टूबर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शहरों में घटी बेरोजगारी दर

सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर पिछले महीने के 5.97 फीसद के मुकाबले फरवरी में बढ़कर 7.37 फीसद हो गई है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह पिछली दर 9.70 के मुकाबले गिरकर 8.65 पर आ गई है।

आयकर जांच पर राज्य सरकार व पुलिस के एक्शन पर भड़का विपक्ष

नव प्रदेश संवाददाता

- सदन में मामले पर स्थगन प्रस्ताव में चर्चा की मांग उठी
- प्रश्नकाल के फौरन बाद सत्तापक्ष-संयुक्त विपक्ष का हंगामा
- जोगी ने कहा- 'चोर की दाढ़ी में तिनका' के समान व्यवहार है

रायपुर। प्रश्नकाल के सीधे बाद बजट सत्र में आज सोमवार को विपक्ष ने इनकम टैक्स छापे को लेकर केंद्र पर आरोप लगाने का मामला उठाया। इस मामले में संघीय ढांचे के विपरीत आचरण पर संयुक्त विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा की मांग की। बीजेपी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के द्वारा छापे को लेकर भी जा रही बयानबाजी पर सरकार से जवाब-तलब किया तो सदन में हुआ हंगामा बरपा हो गया। सत्तापक्ष और संयुक्त विपक्ष के सदस्यों के बीच काफी गरमा गरम बहस हुई। बीजेपी ने काम रोको प्रस्ताव के जरिये चर्चा की मांग उठाई व प्रदेश में अधिकारी और व्यापारियों के ऊपर छापेमारी कारवाही से राजनीतिक अस्थिरता पर सवाल उठाया। विपक्षी सदस्यों ने सीआरपीएफ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बीजेपी ने काम रोको प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बनाया दबाव

सूत न कपास जुलाहों में लठ्म-लट्ठा : अजीत जोगी

कारोबारी और अधिकारियों के यहां छापेमारी कार्रवाई की गई है किसी व्यक्ति विशेष राजनीतिक पर कार्यवाही नहीं हुई है इसलिए अभी से प्रतिक्रिया व्यक्त करना गलत है। किसी अधिकारी और कारोबारी के घर छापे से सरकार को पर क्यों असर होगा या सरकार कैसे गिर जाएगी जैसे सवाल किए। उन्हों ने कहा इस पूरे घटनाक्रम से अपराध बोध सामने आ रहा है। जोगी ने कहा सदन में चोर की दाढ़ी में तिनका के समान आचरण है। इस पूरे मसले पर भाजपा के वरिष्ठ विधायक ननकीराम कँवर सरकार की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मंत्री चौबे को यूं महंत ने कराया मौन

संयुक्त विपक्ष की बातें सुनकर शोरगुल के बीच इस पर संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया और कहा अजित जोगी की सूचना नहीं है.. फिर क्यों बोल रहे हैं। इस पर अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा मुझे सुनने दीजिए। मुझे पता है क्या सूनना है। क्या नही, तो सबको सुनने तो दीजिए। इसके बाद तब हंगामा हो गया और सदन की कार्यवाही पाँच मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी जबकि आसंदी ने कहा स्थगन प्रस्ताव नियमानुसार नही आई है, इसलिए इसे मैंने अग्राह्य कर दिया है। संसदीय मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा यह विषय इस सदन की चर्चा का है ही नहीं।

निर्भया केस : फिर टली चारों दोषियों की फांसी

नई दिल्ली ए.। निर्भया गैंगरेप मामले में चारों दोषियों की फांसी पर पटियाला हाउस कोर्ट ने अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। पुराने डेथ वारंट के अनुसार सभी दोषियों को मंगलवार सुबह छह बजे फांसी की सजा दी जानी थी। कोर्ट के फैसले के बाद फिलहाल यह टल गई है। पटियाला हाउस कोर्ट ने दोषी पवन ने याचिका दाखिल करके कहा है कि उसकी दया याचिका राष्ट्रपति के पास लंबित है इसलिए उसकी कल होने वाली फांसी की सजा पर रोक लगाई जाए। वहीं, होम मिनिस्ट्री ने बताया है कि राष्ट्रपति के पास भेजने जाने के लिए दोषी पवन की याचिका मिल गई है।

सुधारात्मक याचिका में आजीवन कारावास में बदलने अपील

पवन कुमार ने सुधारात्मक याचिका में मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलने की अपील की थी। उसने मृत्यु होने तक दोषी को फांसी पर लटकाने के लिए निचली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोर्ट ने अगले आदेश तक लगाई रोक

नई याचिका पर जज ने की वकील की खिंचाई

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने पवन गुप्ता की नई याचिका के दौरान दोषी के वकील सिंह की यह कहते हुए खिंचाई की, 'आप आग से खेल रहे हैं, आपको सतर्क रहना चाहिए। किसी के द्वारा एक गलत कदम, और आपको परिणाम पता हैं।' सुनवाई के दौरान तिहाड़ जेल प्राधिकारियों ने कहा कि दया याचिका दायर होने के बाद गेंद अब सरकार के पाले में है और न्यायाधीश की फिलहाल कोई भूमिका नहीं है। प्राधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति जेल प्रशासन से पवन की दया याचिका पर एक स्थिति रिपोर्ट मांगेंगे और जब वह होगा, उससे फांसी की तामील पर स्वतः ही रोक लग जाएगी।

फांसी को उम्रकैद में बदलने का अनुरोध

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने दोषी पवन कुमार गुप्ता की याचिका खारिज कर दिया था। यह याचिका पवन की क्यूरेटिव याचिका थी। पवन के वकील ने याचिका दायर कर फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने पवन की सुधारात्मक याचिका पर सुनवाई करते हुए खारिज किया था। शीर्ष अदालत ने कहा फांसी पर रोक की अर्जी खारिज की जाती है। सुधारात्मक याचिका खारिज की जाती है। पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति आर एफनरीमन, न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति अशोक भूषण शामिल थे।

खास खबर

अनियंत्रित पिकअप पलटी, 5 की मौत

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर रायकोट के पास ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 05 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं 25 से अधिक घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मांडवा के 40 से अधिक ग्रामीण पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 17बी 4111 में बैठकर तोकापाल साप्ताहिक बाजार जाने के लिए निकले थे, तभी रायकोट के पास अनियंत्रित होकर पीकप पलट गई। इस हादसे में 05 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 25 से अधिक ग्रामीण घायल हुए हैं, जिन्हें डीमरापाल मेड़िकल कालेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अनुच्छेद 370 : बड़ी पीठ को भेजने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 370 हटाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को बड़ी पीठ को भेजने से इन्कार कर दिया।

संसद भवन परिसर में कांग्रेस का प्रदर्शन

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सांसदों ने बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन सोमवार को संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया और दिल्ली में हिंसा रोकने में असमर्थ रहने के लिए गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस सांसद श्री गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुए।

शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश जरूरी : कोविंद

■ राष्ट्रपति गुरु घासीदास केन्द्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि शिक्षा में नैतिक मूल्योंा का समावेश आवश्यपक है। नैतिक मूल्योंा के बिना प्राप्त शिक्षा समाज के लिए कल्याकणकारी नहीं हो सकती है। श्री कोविंद ने सोमवार को गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वाविद्यालय के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्ये केवल डिग्री प्राप्ति करना ही नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनना भी है। अच्छा इंसान यदि डॉक्टर बनेगा तो अच्छा डॉक्टर बनेगा, यदि इंजीनियर बनेगा तो अच्छा इंजीनियर बनेगा।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अच्छा इंसान सामाजिक जीवन में भी अपना श्रेष्ठ देता है। उन्होने कहा कि विश्वरविद्यालयों का यह कर्तव्य है कि वह विद्यार्थियों में ईमानदारी, अनुशासन, सहिष्णुगता, कानून के प्रति सम्मान और समय-पालन जैसे जीवन मूल्यों का संचार करे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत की पहचान, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम ने पीएम को पत्र लिख दिलाई मुख्यमंत्रित्व काल की याद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में हुई आयकर की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है। साथ ही कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ के इस्तेमाल को असंवैधानिक तथा दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में संघीय ढांचे का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री से सुधारात्मक कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जताई है। उन्होंने पीएम को उनके मुख्यमंत्रित्व काल की भी याद दिलाई। प्रधानमंत्री ने लिखा- 'मैं आश्वस्त हूं कि आपको छत्तीसगढ़ में पिछले चार दिन हुई चौंका देने वाली घटनाओं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन दो सवालों का किया जिक्र

सीएम ने लिखा-'आयकर विभाग ने राज्य में कई ठिकानें पर छापे मारे। मेरा मानना है कि जिस तरीके से छापे मारे गए हैं उससे दो सवाल खड़े होते हैं-:

पहला : *छापे राज्य सरकार या राज्य पुलिस को सूचना दिए बिना गुप्त व छिपे तरीके से मारे गए।*

दूसरा : *शायद आपकी चिंताओं की मद्देनजर कार्रवाई करने वाले आईटी विभाग को सीआरपीएफ अधिकारियों की ओर से साथ दिया गया, जिसे आंतरिक अशांति की स्थिति में तैनात किया जाता है।' मुख्यमंत्री ने पत्र में केंद्रीय बलों के किसी राज्य में इस्तेमाल को लेकर संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारों का भी उल्लेख किया।* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छापों पर सीबीडीटी-150 करोड़ के ट्रांजेक्शन का हुआ खुलासा

रायपुर/नई दिल्ली नवप्रदेश। केंद्रीय प्रत्य कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने रायपुर में आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है। सीबीडीटी की आधिकारिक प्रवक्ता सुरभी अहलुवालिया की ओर से विज्ञप्ति में बताया गया है कि 2 मार्च तक हुई कार्रवाई के दौरान 150 करोड़ के बेहिसाब ट्रांजेक्शन का खुलासा हुआ है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, आयकर विभाग ने 27 फरवरी को रायपुर में लोगों के समूहों, हवाला डीलर्स तथा व्यापारियों पर सर्च की कार्रवाई की। शराब व खनन कारोबार से बेहिसाब संपत्ति बनाने व इसे पब्लिक सर्वेंट्स को ट्रांसफर किए जाने संबंधी विश्वस्त इनपुट, खुफिया रिपोर्ट व सबूतों के आधार पर सर्च को अंजाम दिया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक, यह कार्रवाई नोटबंदी के समय बड़ी मात्रा में डिपोजिट की गई नगदी, सेल कंपनियों से की जाने वाली एकोमोडेशन एंट्री (बड़े अमाउंट को टुकड़ों व कम संदेहास्पद राशि में बदलना और फिर अलग-अलग खातों में जमा करना), संपत्ति में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संदिग्ध दस्तावेज मिलने का दावा

सर्च की कार्रवाई के दौरान मिले संदिग्ध दस्तावेज तथा इलेक्ट्रॉनिक डेटा से यह प्रदर्शित होता है कि पब्लिक सर्वेंट (लोक सेवकों) को अवैधानिक तरीके से हर माह बड़ी मात्रा में पारितोषण दिया जा रहा है। यहीं नहीं बेहिसाब बिक्री का दैनंदिन ब्योरा, कर्मचारियों के नाम पर खोले गए करोड़ों के ट्रांटेक्शन वाले बैंक अकाउंट और एक गोपनीय खाते का भी खुलासा हुआ है। बेनामी वाहनों, हवाला ट्रांसफर, कोलकाता की कंपनियों को किया गया ट्रांसफर, और बड़े लैंड बैंक वाली सेल कंपनियों के निर्माण का भी खुलासा व जब्ती हुई है। सर्च से बड़ी मात्रा में नगदी भी जब्त की गई है। 2 मार्च तक हुई कार्रवाई के दौरान 150 करोड़ के बेहिसाब ट्रांजेक्शन का खुलासा हुआ है। कार्रवाई के दौरान प्राप्त साक्ष्यों व सुरागों की आगे की जांच पड़ताल में यह आंकड़ा बड़ सकता है। सर्च व जांच की कार्रवाई जारी है और काफी सारी चीजों पर प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं, इनमें कई बैंक लॉकर भी शामिल हैं।

गरमा-गरम

कार्रवाई — नव प्रदेश की खबर का असर, शिक्षा विभाग ने लिया मामले का संज्ञान

खेलगढ़िया योजना : जांच के लिए बनाई 3 सदस्यीय समिति

- समिति करेगी स्कूलों में सप्लाई की गई खेल सामग्री की जांच

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले में खेलगढ़िया योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता के जांच के निर्देश शिक्षा विभाग ने दे दिए हैं। विभाग की ओर से इसके लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। इसमें डीएमई, बीईओ तथा सीआरसी को शामिल किया गया है। यह कमेटी जिले के विभिन्न स्कूलों में नियमों को ताक पर रख बांटी गई खेल सामग्रियों की जांच करेगी। इसके साथ ही विभाग ने फिलहाल इस तरह से खेल सामग्रियों के लेने पर रोक लगा दी है।

इस संबंध की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से दी गई है। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले में खेलगढ़िया योजना में अनियमितता संबंधी खबर को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गड़बड़ी — दंतेवाड़ा में खेल गढ़िया योजना में 'खेल' को लेकर अब कलेक्टर ने बिठाई जांच

स्कूलों में जबरन खेल किट सप्लाई, बेखबर प्राचार्यों से हो रही वसूली

बिल पर जिस दुकान का नाम वह दंतेवाड़ा में नहीं

क्या कहते हैं प्राचार्य

ऐसी सप्लाई की जा रही खेल किट

> दंतेवाड़ा ब्लॉक के 188 स्कूलों में खेल सामग्री सप्लाई किए जाने की जानकारी मिल रही है। जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है। जांच टीम खेल सामग्री की जांच करेगी। गीदम, कुआकोंडा ब्लाक में खेल समान लेने पर रोक लगा दी गयी है। मामले की निष्पक्ष जांच होगी।
>
> **राजेश कर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा**

हिन्दी विषय के साथ 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। बोर्ड ने परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों का भी गठन किया है। परीक्षार्थियों को तनाव से मुक्त रखने के उद्देश्य से पहला पर्चा विशिष्ट हिन्दी अथवा चयनित भाषा का है। माशिमं द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। बोर्ड द्वारा आयोजित इस परीक्षा में राज्य से कुल 2, 77, 475 परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छात्रा ने की आत्महत्या

राजधानी रायपुर के शांति नगर में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका 12 वीं कक्षा की छात्रा थी। उसकी उम्र 17 वर्षीय बताई जा रही है। नाबालिग छात्रा ने घर में म्यार पर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि छात्रा को परीक्षा देने जाना था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका को शिकस्त देने वाला तालिबानी कमांडर अब्दुल की ये है कहानी

काबुल (ए.)। अफगानिस्तान में अमेरिका को पस्त करने वाला तालिबानी कमांडर अब्दुल गनी बरादर, जानें दास्तां अफगानिस्तान में पिछले 18 साल से चली आ रही दुनिया की महंगी जंग को खत्म करने के लिए अमेरिका और तालिबान ने शनिवार को दोहा में शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर दिया। इस शांति समझौते पर अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि जालमे खलीलजाद और तालिबान की ओर से इस जंग में निर्णायक भूमिका निभाने वाले मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने हस्ताक्षर किया। आइए जानते हैं कि कौन है मुल्ला अब्दुल गनी बरादर जिसने सुपर पॉवर अमेरिका को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया।

सुपर पावर अमेरिका को यूं किया पस्त

विश्लेषकों के मुताबिक इस डील से अमेरिका को कम और तालिबान को ज्यादा फायदा हुआ है। युद्ध में पस्त हो चुके अमेरिका ने एक तरीके से तालिबान के सामने घुटने टेक दिए। एक तरफ अमेरिका जहां शांति डील के पक्ष में दिखाई दिया वहीं तालिबान अपने पुराने तेवर पर कायम है। डील के दौरान बरादर ने अपने संबोधन में जिस तरह की भाषा का जिक्र किया वह 90 के दशक के तालिबान एप्रोच से बिल्कुल भी अलग नहीं था। बरादर ने कहा कि इस्लामी मूल्यों की रक्षा के लिए अफगानिस्तान में सभी को एकजुट हो जाना चाहिए। वह बार-बार कट्टर इस्लामी व्यवस्था की बात कर रहे थे। दरअसल, बरादर ने अफगानिस्तान में 18 साल की जंग में अमेरिका को घाव दिए कि वह नासूर बन गया और उसने अफगानिस्तान से हटने में ही अपनी भलाई समझी।

तालिबानी शासन में बना उप रक्षामंत्री

वर्ष 1996 में अफगानिस्तान में तालिबान का शासन स्थापित होने के बाद मुल्ला बरादर को देश का उप रक्षामंत्री बनाया गया। 2001 में तालिबानी सत्ता जाने तक मुल्ला बरादर इस पद पर बना रहा। बरादर तालिबान के संस्थापक मुल्ला मोहम्मद उमर का सहयोगी भी था जिसके मौत की पुष्टि वर्ष 2016 में हुई। अमेरिका में हुए 9/11 हमलों के बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला कर तत्कालीन तालिबान सरकार को सत्ता से हटा दिया था। उसके बाद तालिबान ने अफगानिस्तान में तैनात अमेरिकी सेना के विरोध में हिंसक संघर्ष शुरू कर दिया। मुल्ला बरादर इस संघर्ष की अगुआई करने वाले नेताओं में से था। 2010 में आईएसआई ने सीआईए की मदद से बरादर को कराची से अरेस्ट कर लिया था।

तालिबान का संस्थापक सदस्य है मुल्ला बरादर

तालिबान का राजनीतिक प्रमुख मुल्ला बरादर उन 4 लोगों में से एक है, जिन्होंने 1994 में अफगानिस्तान में तालिबान की शुरुआत की थी। अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरपोल के मुताबिक तालिबान मुल्ला बरादर का जन्म 1968 में अफगानिस्तान के उर्जगान प्रांत में हुआ था। उसका बचपन सोवियत संघ समर्थित सरकार के खिलाफ संघर्ष में बीता था। बाद में उसने कंधार के मियांवाद में एक मदरसे का संचालन किया। वर्ष 1994 में तालिबान के गठन में मुल्ला बरादर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमेरिकी दस्तावेजों के मुताबिक मुल्ला बरादर तालिबानी सेना का उप प्रमुख भी था।

बरादर की रिहाई के बाद शुरू हुई बातचीत

वर्ष 2018 में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से शांति बहाली के सिलसिले को आगे बढ़ाने में मदद करते हुए मुल्ला बरादर को रिहा कर दिया था। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई के पाकिस्तान दौरे के बाद से पाक ने कई तालिबान कैदियों को रिहा किया। अफगानिस्तान की सरकार इस बात के लिए दबाव बना रही थी कि पाकिस्तान की जेल में बंद शीर्ष तालिबान कमांडर अब्दुल गनी बरादर को रिहा कर दिया जाए। अफगानिस्तान का तर्क था कि इससे तालिबान के साथ अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उम्मीद के मुताबिक अमेरिका और तालिबान के बीच बातचीत सफल रही और शनिवार को दोहा में समझौता हो गया।

गुरिल्ला युद्ध, 'फूल बिछाने' का मास्टर है बरादर

मुल्ला बरादर लंबे समय से तालिबान की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के साथ- साथ उसके सैन्य अभियानों का भी नेतृत्व करता है। बरादर तालिबान को फंड आवंटित करता है, सैन्य कमांडरों की नियुक्ति करता है और युद्ध की रणनीति बनाता है। अमेरिका की ताकतवर सेना से निपटने के लिए बरादर ने गुरिल्ला युद्ध पर जोर दिया। अफगानिस्तान में सड़क किनारे 'फूल' (आईईडी बम) बिछाने की रणनीति का श्रेय भी उसे ही जाता है।

दिल्ली दंगों पर पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी बोले

सरकार चाहती तो रोक लेती दंगा

■ **हामिद ने आरोप लगाया कि दंगा नेताओं के इशारे पर हुए**



नई दिल्ली (ए.)। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के दंगों का इशारा नेताओं की तरफ से दिया गया था और केंद्र सरकार चाहती तो इसे रोक सकती थी। यह कहना है पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए हामिद अंसारी ने यह बात कही। उन्होंने केंद्र सरकार को दिल्ली में हुए कत्लेआम के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सरकार इस दौरान सोती रही। हामिद अंसारी ने आगे कहा कि दंगों के लिए एक तरह से नेताओं ने इशारा दिया था। उन्होंने यहां राजनेताओं का नाम लिए बगैर कहा कि लोगों ने उनके बयान सुने।

पहले आक्रमणकारी करते थे कत्लेआम : अंसारी

एक टीवी इंटरव्यू में पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, 'दिल्ली में कत्लेआम पहले भी हुए। लेकिन पहले कत्लेआम बाहर वाले आक्रमणकारी करते-करवाते थे। जैसे नादिरशाह, अहमद शाह अब्दाली ने आकर दिल्लीवालों को मारा। अब दूसरे तरह की हत्या हुई हैं। 1947 में जो हुआ सबसे भयानक था। लेकिन यह पहली बार है जब सब कह रहे हैं कि सरकार ने रोकने की कोशिश नहीं की।' बता दें कि नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के दंगों में अबतक 46 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। अबतक भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस दंगे में करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। कई लोगों के घर और दुकानें जला दी गईं।

'गोली मारो...' वाले नारे पर ममता बोलीं, यह दिल्ली नहीं है

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में होम मिनिस्टर अमित शाह की रैली के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा 'गोली मारो' वाले नारे लगाने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि यह दिल्ली नहीं है, कोलकाता है और ऐसे नारों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों की निंदा करती हूं जिन्होंने कोलकाता की सड़कों पर गोली मारो... के नारे लगाए और कानून अपना काम करेगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दिल्ली की हिंसा नरसंहार थी, मासूम लोगों की हत्या से अत्यंत दुखी हूं। बीजेपी पश्चिम बंगाल समेत पूरे देश में 'दंगों का गुजरात मॉडल' लागू करने की कोशिश कर रही है। कोलकाता पुलिस ने सोमवार को दावा किया कि उसने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली में जाते समय कथित रूप से 'देश के गद्दारों को, गोली मारो...' नारे लगाने वाले बीजेपी के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'भड़काऊ नारे लगाने की यह हरकत

भाजपा समर्थकों ने की थी। यह संज्ञेय अपराध है।' आरोपियों ने रैली स्थल शहीद मीनार मैदान में जाते समय एस्प्लेनेड मार्ग पर मैदान बाजार से गुजरते समय नारेबाजी की थी। अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने रविवार को नया बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर इन तीनों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान ध्रुव बसु, पंकज प्रसाद और सुरेन्द्र कुमार तिवारी के रूप में हुई है। उन्हें रविवार देर रात गिरफ्तार किया गया। आईपीएस अधिकारी ने कहा, 'उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की दो गैर-जमानती धाराओं समेत चार धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें आज अदालत में पेश किया जाएगा।

'गोली मारो...' के नारे पर अनुराग ठाकुर से पूछा सवाल तो बोले, आप झूठ बोल रहे हैं

नई दिल्ली। केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर से पत्रकारों ने दिल्ली चुनाव के दौरान विवादित बयान 'देश के गद्दारों' वाले बयान के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि आप लोग बिल्कुल झूठ बोल रहे हैं। इसलिए मैं तभी कहता हूं मीडिया में जितनी जानकारी है, पहले उसमें सुधार कीजिए। यह मामला अभी न्यायालय में लंबित है। आपको पूरी जानकारी रहनी चाहिए क्योंकि आधी किसी के लिए भी घातक होती है। वो मीडिया का दुष्प्रचार हो या किसी और का। आपको बता दें कि दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर एक ट्रेन में और राजीव चौक स्टेशन पर शनिवार को कुछ युवाओं ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में नारे लगाए। उन्होंने 'देश के गद्दारों को, गोली मारो... जैसा नारा भी लगाया। छह व्यक्तियों ने

उस समय नारे लगाने शुरू कर दिए जब ट्रेन स्टेशन पर रुकने ही वाली थी। ट्रेन से उतरने के बाद भी इन लोगों ने सीएए के समर्थन में और 'देश के गद्दारों को, गोली मारो... जैसे नारे लगाए। मेट्रो में सफर कर रहे कुछ यात्रियों ने जहां उनके साथ नारे लगाने शुरू कर दिए, वहीं कुछ यात्री घटना का वीडियो बनाने लगे। स्टेशन पर मौजूद बहुत से यात्री अचानक हुई इस घटना को स्तब्ध होकर देख रहे थे। दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा देखने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने प्रदर्शन कर रहे व्यक्तियों को रोका और उन्हें दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। सीआईएसएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि 29 फरवरी को सुबह 10.25 बजे राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर छह युवा नारे लगाते दिखाई दिए।

कोरोना: अब चीन के बाहर ज्यादा घातक

नई दिल्ली (ए.)। चीन में तबाही मचानेवाला कोरोना अब पूरी दुनिया के लिए खतरा बनता जा रहा है। पहले जहां यह चीन तक सिमटा दिख रहा था, वहीं अब दुनिया के दूसरे देशों को भी इसने अपनी चपेट में ले लिया है। सोमवार को ही दिल्ली और तेलंगाना से इसके दो नए मामले सामने आए। ईरान, इटली, साउथ कोरिया समेत 10 देशों में कोरोना वायरस के मरीज जिंदगी-मौत से लड़ रहे हैं।

दिल्ली का पहला केस सामने आया

भारत की बात करें तो केरल में कोरोना के तीन मामले सामने आए थे। लेकिन तीनों के सही इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। लेकिन अब मामला दिल्ली से आया है। मिली जानकारी के मुताबिक, शख्स इटली से लौटा था। सोमवार को ही दूसरा मामला तेलंगाना से सामने आया। वह शख्स दुबई से लौटा था। दोनों का फिलहाल देखरेख में रखा गया है।

10 देशों में हो चुकी हैं कोरोना से मौतें

चीन का वुहान शहर कोरोना का गढ़ माना जा रहा है। पूरे चीन में अबतक कोरोना से 2900 मौतें हो चुकी हैं। पूरी दुनियी की बात करें तो इस घातक वायरस से 3000 से ज्यादा मौत हो चुकी हैं। 90 प्रतिशत मामले चीन के हैं। इसके अलावा 10 अन्य देशों में कोरोना से मौत हुई हैं।

दुनिया के हर कोने तक पहुंचा कोरोना

एशिया के अलावा कोरोना ने मरीज यूरोप, खाड़ी देश और यहां तक अमेरिका में भी मिल रहे हैं। अमेरिका, मेक्सिको, इटली, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, ईरान, इराक, इजरायल, यूएई,पाकिस्तान, नेपाल आदि तक फैल चुका है। कोरोना की वजह से ईरान में 50, इटली में 34, साउथ कोरिया में 22 मौतें हो चुकी हैं।

विमान में मिलेगी वाई-फाई की सुविधा

एयरलाइन कंपनियों को केंद्र सरकार ने दी इजाजत

नई दिल्ली (ए.)। अब उड़ान के दौरान मिलेगी वाई-फाई की सुविधा। मोदी सरकार ने एयरलाइन कंपनियों को इसकी इजाज दी है। भारत में उड़ान के दौरान विमान में वाई-फाई सेवाएं मुहैया कराने की घोषणा पिछले महीने टाटा समूह की कंपनी नेल्को और पैनासॉनिक एवियॉनिक्स कॉरपोरेशन ने की थी। उस समय बताया गया था कि विस्तारा एयरलाइंस के साथ इस सेवा की शुरुआत की जाएगी। बता दें विस्तारा टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त कंपनी है। इसको लेकर नेल्को के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (छ्श्वह्र) पीजे नाथ ने कहा है कि, 'हम यह बताकर उत्साहित हैं कि नेल्को देश में लंबे समय से प्रतीक्षित उड़ान ब्रॉडबैंड सेवाओं की शुरुआत कर रही है। विस्तारा इस सेवा से जुड़ने वाली पहली विमानन कंपनी है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नेल्को ने इस बाबत पैनासोनिक एवियॉनिक्स कॉरपोरेशन की एक अनुषंगी के साथ साझेदारी की है। बता दें दिसंबर 2019 में खबर आई थी कि विस्तारा में जनवरी से यात्रियों को इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी मिलने लगेगी। नेल्को एक वीसैट सेवा प्रदाता कंपनी है, जिसको सरकार से वीसैट लिंक मिल गया है। मोदी सरकार ने विस्तारा को स्पेक्ट्रम भी दे दिया है। डेटा मिलने से भी यात्री व्हाट्सएप जैसे एप का इस्तेमाल फोन कॉल करने के लिए कर सकते हैं। दरअसल मई 2018 से पहले भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ने वाले प्रत्येक विमान को डाटा या फोन सेवा की मंजूरी नहीं थी। यात्रा के वक्त यात्रियों को अपना मोबाइल फोन बंद करके या फिर फ्लाइट मोड पर रखना होता था। यह नियम विदेश से आने वाली उड़ानों पर भी लागू था, हालांकि अब दूरसंचार विभाग ने पहले लगाई रोक को हटा लिया है।

वाई-फाई का इस्तेमाल करने की शर्त

यह भी शर्त रखी गयी है कि वाई-फाई का इस्तेमाल करने के दौरान भी यात्री अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, जैसे लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन, स्मार्टवाच, ई-रीडर आदि को फ्लाइट या एरोप्लेन मोड में ही रखेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि उड़ान के दौरान वाई-फाई का इस्तेमाल तभी हो सकेगा जब नागर विमानन महानिदेशालय इसके लिए विमान को सत्यापित करता है।

दंगाइयों ने जलाया मुसलमानों और बीजेपी के रिश्तेदारों का घर

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में सीएए के विरोध और समर्थन को लेकर उत्तरपूर्वी दिल्ली में झड़पों के बाद हाल में हुई हिंसा के दौरान दंगाइयों ने बीजेपी के एक नेता और उनके रिश्तेदारों के घरों को भी निशाना बनाया। बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला उपाध्याक्ष अख्तर रज़ा और उनके तीन रिश्तेदारों के भागीरथ विहार स्थित घर को बीती 25 फरवरी को जला दिया गया। रज़ा ने बताया कि मंगलवार शाम चार-पांच बजे से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। करीब सात-आठ बजे भीड़ ने धार्मिक उन्मादी नारे लगाए और हमले करने शुरू कर दिए। भीड़ ने मेरा और रिश्तेदारों के तीन घर जला दिये। उन्होंने कहा, मैने पुलिस को कॉल की थी लेकिन पुलिस ने कहा कि भीड़ तो सभी जगह इकट्ठा हो रही है। पुलिस ने हमसे कहा कि आप डरो नहीं कुछ नहीं होगा। रजा ने कहा, दंगाई ज्यादातर बाहर के थे, लेकिन कुछ कॉलोनी के भी थे। इसी गली में मुस्लिमों के 19 घर हैं और दंगाइयों ने एक भी घर को नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि हम किसी तरह से जान बचा कर भागे हैं। परिवार में 12-13 लोग हैं। जब हम कार में जान बचा के भाग रहे थे तो गाड़ी पर पथराव भी किया गया। बीजेपी नेता ने कहा, मैने कई परिचित पुलिस अधिकारियों से भी कई बार बात की। अफसरों ने कहा अख्तर जी पुलिस बल कम है और दंगाई बहुत ज्यादा हैं। पुलिस बल का आना संभव नहीं है। बीजेपी की ओर से संपर्क करने के सवाल पर रज़ा ने कहा, पार्टी की तरफ से कोई संपर्क नहीं किया गया है।

दिल्ली हिंसा: आईबी अफसर के परिवार को दिल्ली सरकार देगी 1 करोड़ रुपया

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा में मरने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी अंकित शर्मा को दिल्ली सरकार एक करोड़ रुपये का सहायता राशि देने का ऐलान किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अंकित शर्मा के परिवार को 1 करोड़ रुपये के मुआवजे की घोषणा कर रहे हैं और उनके परिवार के एक सदस्य को दिल्ली सरकार द्वारा नौकरी दी जाएगी। आपको बता दें कि अंकित शर्मा का शव उत्तर पूर्व दिल्ली के दंगाग्रस्त चांद बाग इलाके में बुधवार (26 फरवरी) को एक नाले से मिला था। वह मंगलवार से लापता थे और आशंका है कि उनकी जान पथराव में गई। अंकित के भाई अंकुर ने बताया था कि कि उनकी कॉलोनी की

कुछ महिलाओं ने सुबह उन्हें बताया कि उन्होंने लोगों को उनके भाई को नाले में फेंकते हुए देखा था। अंकुर ने दावा किया था कि जब लोगों ने महिलाओं को देख लिया तो उन्होंने धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को कुछ बताया तो नतीजा गंभीर होगा। उसे नाले में फेंके जाने से पहले कई बार चाकू मारा गया। दिल्ली पुलिस इस मामले में आम आदमी पार्टी के पार्षद के खिलाफ अंकित शर्मा की हत्या का केस दर्ज कर चुकी है। वहीं ताहिर हुसैन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार कर चुके हैं। इस मामले में पुलिस ताहिर की तलाश में छापेमारी कर रही है। हुसैन का कहना था कि मुझे खबरों से पता चला कि एक व्यक्ति की हत्या का इल्जाम मुझ पर लगाया जा रहा है। ये झूठे और निराधार आरोप हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मेरा परिवार और मैं पुलिस की मौजूदगी में सोमवार को ही अपने घर से चले गए थे। हुसैन ने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने कहा, ''मुझे निशाना बनाना गलत है।

बड़ा खुलासा | टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने दिल्ली में हिंसा की योजना पहले से बनाई थी

उमर का वीडियो वायरल, मालवीय बोले दिल्ली हिंसा की पहले से बनाई थी योजना

नई दिल्ली (ए.)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो दिल्ली हिंसा और 24 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दौरे से पहले का है। महाराष्ट्र के यवतमाल में दिए भाषण में उमर खालिद कह रहे हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान सड़कों पर उतरना होगा। आपको बता दें कि दिल्ली सरकार ने जेएनयू में देश विरोधी नारे लगाने के 2016 के मामले में उमर खालिद और कन्हैया कुमार समेत तीन लोगों पर राजद्रोह का केस चलाने की मंजूरी दी है। इस वायरल वीडियो में उमर खालिद ने कह रहा है कि

हम वादा करते है कि 24 तारीख को जब डोनाल्ड ट्रंप हिन्दुस्तान आएंगे तो हम यह बताएंगे कि हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री और सरकार हिन्दुस्तान को बांटने का काम रही है। महात्मा गांधी के उसूलों की धज्जियां उड़ा रही है। हम यह बताएंगे कि हिंदुस्तान की आवाम हिंदुस्तान के हुक्मरानों के खिलाफ लड़ रही है। हिन्दुस्तान के हुक्मरान देश को बांटना चाहते हैं तो देश की आवाम जोड़ने के लिए तैयार है। हम तमाम लोग उस दिन सड़कों पर उतरकर आएंगे आप लोग आएंगे। बीजेपी आईटी सेल के हैड अमित मालवीय ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि उमर खालिद जो पहले से ही देशद्रोह के आरोपों का सामना कर रहा है उसने 17 फरवरी को अमरावती में एक भाषण दिया।

पश्चिमी दिल्ली में फैली थी दंगों की झूठी खबर

पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रविवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया जब हिंसा की झूठी खबर फैली। इसके चलते दिल्ली मेट्रों ने भी बिना कारण बताए सात स्टेशनों को बंद कर दिया। हालांकि, पुलिस ने तुरंत इसका खंडन किया और लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की। आर्ट ऑफलिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने ब्रह्मपुरी सहित कुछ दंगा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और गत तीन दशक में हुई सबसे भीषण हिंसा में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''यह देखना बहुत दुखद है कि इतने सारे लोग हिंसा से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमें उन्हें इस सदमे से निकालना होगा और उनके जीवन को वापस पटरी पर लाना होगा।

साजिश पहले ही रच दी गई थी : बग्गा

बीजेपी नेता तेजेंद्रपाल सिंह बग्गा ने कहा कि जिहादी ताकतों द्वारा ये साजिश पहले ही रच दी गई थी कि जिस दिन डोनाल्ड ट्रंप भारत मे आएंगे उस दिन टुकड़े-टुकड़े गैंग सड़कों पर उतरेगा और देश को बदनाम करने की कोशिश करेगा। 17 फरवरी का उमर खालिद का ये भाषण उसी का सबूत है।

दिल्ली दंगों में मरने वाले लोगों की संख्या 46 हुई

दिल्ली दंगों में मरने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। सोमवार को दिल्ली दंगों में मरने वाले लोगों की संख्या 46 तक पहुंच गई है जिसमें 38 की मौत गुरुतेग बहादुर अस्पताल और तीन की लोक नायक अस्पताल, एक जगप्रवेश और चार की डॉक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में हुई है। गोकलपुरी और शिव विहार इलाके के नाले से चार और शव बरामद किए गए थे।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में स्कूल सात मार्च तक बंद

उत्तर पूर्वी दिल्ली जिले में स्कूलों को सात मार्च तक बंद कर किया गया है। सीबीएसई ने रविवार को कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में बोर्ड परीक्षाएं कराने में और देरी से मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के छात्रों के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, बोर्ड उन छात्रों के लिए फिर से परीक्षा कराने को तैयार हैं ।

6 बच्चों को दिया जन्म, सभी की इलाज के दौरान मौत

श्योपुर। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां के एक अस्पताल में महिला ने दो या चार नहीं बल्कि छह बच्चों को जन्म दिया, जिन्हें बचाया नहीं जा सका और सभी बच्चों ने एक एक कर दम तोड़ दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पांच बच्चों ने जन्म के 10 मिनट के अंदर ही दम तोड़ दिया था।

जिला अस्पताल के मुताबिक, शनिवार दोपहर श्योपुर जिले के बड़ौदा कस्बे में रहने वाली 23 वर्षीय मूर्तिबाई माली के छह बच्च 2 लड़की और 4 लड़के हुए थे, जिनकी छह माह पूरे होने पर प्री मेच्योर डिलीवरी कराई गई थी। पैदा होने वाले छह बच्चों का जन्म के वक्त वजन 380 ग्राम से लेकर 780 ग्राम के बीच था जो बेहद कम था, जिसमें अंग पूरी तरह नही बन पाते हैं। सभी बच्चों को डॉक्टरों की देखरेख में आईसीयू में रखा गया था, लेकिन एक-एककर सभी ने दमतोड दिया। रविवार रात आखिरी बच्चे की भी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बच्चों को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। डॉक्टर ने मूर्ति की सोनोग्राफी के बाद उसे बताया था कि उसके गर्भ में दो-तीन नहीं पूरे छह बच्चे हैं। यह पता लगते ही न सिर्फ मूर्ति और परिजन ही नहीं बल्कि अस्पताल के डॉक्टर और स्टॉफ भी हैरत में पड़ गए थे। डॉक्टरों का कहना है कि तीन से चार बच्चों के केस आमतौर पर देखने को मिलते हैं और छह बच्चों वाला केस लाखों में एक होता है।

■ न्यूज गैलरी

घर के बाहर खेल रही मासूम को वाहन ने कुचला,मौत

रायपुर। घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को तेज रफ्तार टाटा एस वाहन ने रौंद दिया जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। ग्राम चिंगरिया खरोरा निवासी त्रिलोक कुमार धीवर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की बेटी पारथी खुंटे 1 साल 6 माह अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी तेज रफ्तार टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एम. जी. 0512 के चालक ने मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। इलाज के लिये मासूम को नजदीकी कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ट्रक की चपेट में आने से कार हुई क्षतिग्रस्त

रायपुर। तेज रफ्तार ट्रक चालक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है। कार चालक नरेंद्र सिंह परिहार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की आई 10 कार क्रमांक सीजी 04 एलएल 1198 को कुशालपुर चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दिया जिसके चलते कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बेटे से मारपीट करने का विरोध करने पर दंपति की पिटाई

रायपुर। कुशालपुर साहू पारा निवासी अखिलेश त्रिपाठी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी परिवार समेत पुरानी बस्ती साहू पारा में रहता है व सदगुरू सेल्स सर्विसेस तेलीबांधा में काम करता है 1 मार्च को रात्रि करीब 8.30 बजे बेटा धनंजय त्रिपाठी घर आकर बताया कि पिंकी का भाई मार रहा है एवं कपड़ा फाड़ दिया है। इस पर प्रार्थी व पत्नि सुषमा त्रिपाठी बाहर निकल कर गये तो पटेल किराना दुकान के पास पिंकी यादव का भाई को देखकर मारपीट के बारे में पूछने पर पिंकी यादव एवं उसके भाई ने गाली गलौज करने लगा मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर मुझे हाथ मुक्के से मारपीट किया जिससे पीठ में दाहिने भुजा में लगकर दर्द हो रहा है मेरी पत्नि सुषमा त्रिपाठी एवं लड़का धनंजय त्रिपाठी छुड़ाने आये तो पिंकी यादव व उसके भाई ने मां बहन की अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। मारपीट से प्रार्थी की पत्नी के मेरी पत्नि के दाहिने हाथ कलाई में एवं लड़के के सीना बांये कान के पास चोट लगा है। घटना की रिपोर्ट पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी पिंकी यादव एवं उसके भाई के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506, 323 एवं 34 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान उठा धान खरीदी और रकबा घटाने का मामला, बसपा विधायक केशव चंद्रा को मंत्री जयसिंह ने ऐसे दिया जवाब

किसी का भी रकबा नहीं काटा गया है

सरकार के कहने पर अफसरों ने काटा

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जांजगीर-चांपा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का मुद्दा गरमाया। बसपा विधायक केशव चंद्रा ने पूछा कि जांजगीर-चांपा में वर्ष 2019 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए कितने किसानों का पंजीयन किया गया है। उन्होंने कितने किसानों का रकबा काटा गया है, इस लेकर भी सवाल उठाए। साथ ही पंजीयन में संशोधन को लेकर भी केशव चंद्रा ने सवाल पूछे. राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जानकारी दी कि जांजगीर-चांपा में वर्ष 2019 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 173205 किसानों का पंजीयन पर्ची के आधार पर किया गया है। इनमें से 26969 नए पंजीयन है।

धान खरीदी के लिए पंजीकृत और रिकॉर्ड के अनुसार वास्तविक होने के कारण 20254 किसानों का रकबा संशोधन राजस्व रिकार्ड के अनुसार किया गया है. बसपा विधायक केशव चंद्रा ने कहा कि किसानों की जानकारी दिए बगैर ही उनका रकबा काट दिया गया है. कई किसान रकबा काटे जाने की वजह से धान बेच नहीं पाए. केशव चंद्रा के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों के रकबा को को काटा गया है. इसको स्वीकार करें सरकार. इस पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जवाब दिया कि पंजीयन से पहले सत्यापन की कार्रवाई नहीं होती. कहीं भी गलत ढंग से रकबा नहीं काटा गया है. केशव चंद्रा ने कहा कि सरकार षड्यंत्र कर किसानों का रकबा काट रही है. ताकि उन्हें समर्थन मूल्य ना देना पड़े. उनका धान ना खरीदना पड़े. ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई किया जाना चाहिए. जिन्होंने किसानों से उनका हक छीनने की कोशिश की इस पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जवाब दिया कि किसी का भी रकबा नहीं काटा गया है। पंजीयन के आधार पर जांच की गई और संशोधन किया गया है 554 किसानों के रकबे में वृद्धि की गई है। भाजपा विधायक नारायण चंदेल ने पूछा कि जो रकबा काटा गया है वाह क्या सरकार के निर्देश पर काटा गया। अधिकारियों ने अपने मन से ही काट दिया? इस पर जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि किसी का भी रकबा नहीं काटा गया है. जांच और संशोधन के आधार पर ही सत्यापन किया गया।

किसानों के पास हेल्पलाइन नंबर और आवेदन करने की सुविधा थी. किसानों का रकबा काटे जाने को लेकर भाजपा सदस्यों ने उठाए. सवाल सरकार पर आरोप लगाया कि धान ना खरीदना पड़े इसलिए जानबूझकर किसानों का रकबा काट दिया. किसी भी जगह भौतिक सत्यापन कें लिंए अंधिकारी नहीं गए दफ्तर में बैठकर सरकार के निर्देश पर किसानों का रकबा काट दिया. मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि सभी स्थानों पर सत्यापन किया गया सत्यापन का आधार नजरी आंकरन था. कहीं भी रकबा नहीं काटा गया।

संयुक्त विपक्ष ने मंत्री जयसिंह को ऐसे लिया आड़े हाथों

■ मंत्री को हम दमदार मानते हैं पर जवाब उनका सहीं तरीके का नहीं

■जोगी बोले मंत्री जयसिंह कारोबारी परिवार से वे कृषि नहीं करते हैं

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को तो हम सभी दमदार मंत्री मानते हैं. फिर भी वह सही तरीके से जवाब नहीं दे रहे हैं. पूरे प्रदेश में रकबे काटे गए. किसान अपना धान नहीं बेच पाए। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पर टिप्पणी करते हुए कहा जयसिंह अग्रवाल कारोबारी परिवार से आते हैं.. वह कृषि नहीं करते इसलिए उन्हें राहत मिलना चाहिए. अजीत जोगी पर पलटवार करते हुए जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मेरा पूरा परिवार कृषि करता है. राजनीति में सक्रिय होने की वजह से मैं कृषि से जरूर अलग हूं लेकिन मुझे इस संबंध में जानकारी है. राज्य सरकार ने इस बार 82 लाख 80 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की है. सरकार की प्रशंसा होनी चाहिए कहीं पर भी रकबे नहीं काटे गए।

गीदम तहसील में वन अधिकार पट्टा का मुद्दा सदन में गरमाया

अपनी ही सरकार को कांग्रेस विधायकों ने घेरा, देवेन्द्र यादव, मोहन मरकाम ने कहा जांच करवाएं

विस अध्यक्ष महंत बोले क्या दे सकते हैं फंड से राशि

रायपुर। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने दंतेवाड़ा जिले के गीदम तहसील के अंतर्गत वन अधिकार पट्टा धारियों को भूमि अधिग्रहित करने का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि अगर यह अधिग्रहण हुआ है तो क्या नियम सम्मत किया गया है. राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जानकारी दी कि दंतेवाड़ा जिले के गीदम तहसील के अंतर्गत वन अधिकार पट्टा धारियों की भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया. इस पर देवेंद्र यादव ने पूछा कि क्या इस मामले की जांच कराई जाएगी क्योंकि वहां भू अर्जन किया गया है। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम आरोप लगाया कि जमीन में नियमों के विरुद्ध भू अर्जन किया गया है. नियमों के विपरीत की डीएमएफ के फंड से भू अर्जन कर लिया गया स्पीकर डॉ चरणदास महंत ने राजस्व मंत्री से जानकारी चाही की क्या डीएमएफ फंड व एसपी राशि से भू अर्जन किया जा सकता है जिस पर राजस्व मंत्री ने जानकारी दी कि डीएनए से भू अर्जन नहीं किया जा सकता। भू अर्जन की प्रक्रिया पिछले सरकार के समय की गई थी।

देवेंद्र यादव ने पूछा कि क्या कोई कमेटी बनाना चाहेंगे। मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह विषय संवेदनशील है और इस पर जांच की जा रही है। जांच की मांग को लेकर विपक्ष ने भी सवाल उठाए। साथ ही देवेंद्र यादव ने भी विधानसभा की समिति से जांच कराने की बात कही। भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि वहां जावंगा जैसा उच्चस्तरीय स्त्री संस्थान बनाया गया है। सरकार को अधिकार है कि किसी भी स्थान पर पट्टा दे भी सकती है. और निरस्त भी कर सकती है. मामले में मंत्री जयसिंह अग्रवाल में जांच कराने का भरोसा दिलाया।

रायपुर रूंगटा कॉलेज में व्योम 2020 आज से

रायपुर/भिलाई। संतोष रूंगटा ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूसंस रायपुर (नंदनवन) में एनुवल फंक्शन 'व्योम 2020' का आयोजन 3 और 4 मार्च को किया जा रहा है। इस बार की थीम 'सेव एनवायरमेंट, गो ग्रीन' रखी गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में थीम पंचतत्व अग्नि, जल, वायु, आकाश और थीम पृथ्वी के महत्व से अवगत कराना है। इसी आधार पर विद्यार्थियों के बीच खेल एवं सांस्कृतिक भावना को विकसित करने 3 अलग-अलग वर्गों में 30 प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। इसमें साहित्यिक, सांस्कृतिक व कला में गीत-संगीत, अनेक तरह के नृत्य, रंगोली, पेंटिग स्पर्धा एवं खेल में क्रिकेट, फुटबाल आदि शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसवीटीयू के पूर्व कुलपति डॉ. बीके स्थापक होंगे। अन्य अतिथियों में प्राचार्य डॉ. डीएन देवांगन, डायरेक्टर वाईएम गुप्ता शामिल हैं। व्योम इंचार्ज देवश्री भट्टाचार्य, एसएसके दीपक हैं।

बस्तर में फ्लोराइडयुक्त पानी पर कांग्रेस विधायक ने पीएचई मंत्री को घेरा

बोले आजादी के इतने साल बाद भी हम साफ पानी नहीं दे पाए

■ संसदीय समिति बनाकर जांच कराने की मांग रखी

■ मंत्री रुद्र गुरु ने कहा जांच नहीं योजना में काम शुरु

■ स्पीकर ने कहा मुझे पूरी जानकारी दें व्यवस्था बनाता हूं

रायपुर। बस्तर में फ्लोराइडयुक्त पानी को लेकर सरकार को उसके ही दल के वरिष्ठ विधायक लखेश्वर बघेल और मोहन मरकाम ने निशाने पर ले लिया। जवाब से असंतुष्ट और हालात से बेहद नाराज़ लखेश्वर बघेल ने संसदीय समिति बनाए जाने की माँग रख दी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए मोहन मरकाम ने भी नाराज़गी जताई। बस्तर के कई इलाक़ों में फ्लोराइड युक्त पानी जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। सरकार किसी को हो, लेकिन ठोस निदान नहीं मिल पा रहा है। इस मसले को लेकर लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब से असंतुष्ट ही नहीं बल्कि नाराज़ हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा पानी का मसला है। आदिवासी का मामला है, पानी के लिए सवाल उठाते हैं पर कुछ नहीं होता तो सवाल का मतलब क्या है।

भड़के लखेश्वर बघेल ने कहा सरकार गंभीर नहीं है। यह कोरोना वायरल से बड़ा मामला है.. लोगों की शादियाँ नहीं हो रही हैं। संसदीय समिति बना दीजिए वो जाँच करे तो सारे तथ्य सामने आ जाएँगें। भड़के विधायक लखेश्वर बघेल को जवाब देकर संतुष्ट करने की कोशिश मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने की, लेकिन लखेश्वर बघेल संतुष्ट नहीं हुए। और तब ही वरिष्ठ विधायक और पीसीसी चीफ मोहन मरकाम का साथ लखेश्वर बघेल को मिला। नाराज विधायक मोहन मरकाम ने कहा आज़ादी के इतने साल बाद भी यदि हम साफ पानी नहीं दे पा रहे हैं। यह शर्मिंदा करने वाला गंभीर मसला है, कोई जवाब है। सत्ता पक्ष के ही द्वारा इस मसले पर सरकार को घिरते देख विपक्ष ने भी विधायक लखेश्वर बघेल और मोहन मरकाम का समर्थन करते हुए संसदीय समिति गठित करने की माँग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा मुझे पूरी जानकारी दीजिए.. मैं व्यवस्था बनाता हूँ।

विपक्ष का आरोप सरकार के सर्कुलर का पालन नहीं किया गया, मामले में गंभीरता से जांच होः विस अध्यक्ष

प्रश्नकाल में विद्या मितानों की नियुक्ति पर विपक्ष का सवाल

रायपुर। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक में विद्या मितानों को अतिथि शिक्षक के रूप में रखने का सवाल पूछा। उन्होंने पूछा कि कितने विद्या मितानों को अतिथि शिक्षक के रूप में रखा गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने जानकारी दी कि विद्या मितानों अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति दी गई है।

विद्या मितानों को नियमित किए जाने की कोई योजना नहीं है। इस पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि विद्या मितानों के स्थान पर दूसरे लोगों को नौकरी दे दी गई। सरकार का जो सर्कुलर था उसका पालन नहीं हुआ. ऐसे 94 लोगों की सूची तो मेरे पास है। ऐसे अधिकारियों को क्या सस्पेंड किया जाएगा. इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री एवं शासन ने कहा कि मामले में जांच की गई और जांच में जो गलत पाए गए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्पीकर डॉ चरणदास महंत ने कहा कि मामले में गंभीरता से जांच कराकर जो भी गलत पाए जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

परीक्षा दो लाख 69 हजार 473 परीक्षार्थी हुए शामिल, तीन हजार 336 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

12वीं का पहला पेपर सरल देख खिले चेहरे

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रदेश में सोमवार से शुरू हो गई है। पहला पेपर भाषा का रहा और यह पेपर देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। परीक्षा में अधिकांश सवाल सरल ढंग से पूछे गए थे। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के 23 सौ परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा आज सुबह साढ़े 9 बजे शुरू हुई, जो दोपहर साढ़े 12 बजे तक चली। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। खासकर पहला पेपर सरल देखकर उनके चेहरे खिले रहे।माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रोफेसर व्ही.के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज की परीक्षा में नकल प्रकरण की सूचना मंडल की पोर्टल पर प्राप्त नहीं हुई है। मंडल की सचिव ने उप सचिव सु ज्योति गूगेल के साथ आज रायपुर जिले की सात परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उप सचिव जे.के. अग्रवाल द्वारा भी रायपुर जिले की तीन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं की दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं में सम्मलित हो रहे सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है। बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में परीक्षार्थियों से कहा है कि जीवन में हर मोड़ पर हमें परीक्षाओं का सामना करना पड़ता है। परीक्षा जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इससे घबराने या निराश होने की जरूरत नही है। मजबूती, हिम्मत और शांतचित्त से आगे बढ़ने पर हर परिस्थिति में सफलता मिलती है। उन्होंने परीक्षार्थियों से बिना डर या भय के शांत मन से परीक्षा देने की सलाह दी है। बघेल ने कहा है कि सभी छात्र-छात्राएं परीक्षा में अपना शत-प्रतिशत दें, परिणाम भी अच्छा मिलेगा।

एमएचआरएस नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

रायपुर। प्राचीन भारतीय विद्याओं में प्राकृतिक चिकित्सा के जरिए मरीज को लाभ पहुंचाने की श्रेष्ठ प्रणाली का उल्लेख शास्त्रों में किया गया है। नाड़ी जांच के जरिए भी बहुत से रोगों का पता चिकित्सकों द्वारा तत्कालीन समय में लगाया जाता रहा है। इसी कड़ी में अंबिकापुर सरगुजा के मूल निवासी डॉ. ज्ञानीदास मानिकपुरी द्वारा 3 मार्च को सुबह नौ बजे से शाम 4 बजे के मध्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कबीर स्वास्थ्य शोध संस्थान मकान नंबर 13 विजेता काम्प्लेक्स के पास एनएमडीसी कालोनी न्यु राजेंद्र नगर में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. मानिकपुरी ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि नैसर्गिक अनुसंधान के जरिए पुराने असाध्य जटिल रोग यथा गठिया, अर्थराइटिस, पुरानी कमरदर्द , साइटिका, जोड़ों का दर्द, आस्टियो आर्थराइटिस, रीढ़ की हड्डियों की बीमारी, मासपेशियों की कमजोरी, मानसिक रोग, अनिंद्रा, सिरदर्द, हारमोंस का असंतुलन, थाईराइड, मोटापा, अनियमित, मासिक धर्म, पुरानी कब्जियत, बवासीर, हृदयरोग, अस्थि मज्जा निर्माण, सेरेब्रो स्पाईन फ्लूड सहित अनेक बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाएगा।

खेल स्पर्धाओं से हुआ संचार फेस्ट 2020का शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के वार्षिक समारोह संचार फेस्ट 2020 की शुरूआत सोमवार से खेल स्पर्धाओं से हुआ। स्पर्धा का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आनन्द शंकर बहादुर ने किया उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार संचार फेस्ट की शुरूआत खेलों से हुई है, खेलों से सभी विद्यार्थियों को एक दूसरे से मिलने का सुनेहरा मौका है। खेल ही ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्ति को जीवन की संपूर्णता को समझने का अच्छा मौका मिलता है । मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से जीवन प्रतिस्पर्धा होती है खेल उसे बेहतर करने मे मदद करती है। वही खेल भावना से राष्ट्र को विराट होने में मदद मिलता है। साथ ही संचार फेस्ट के शुभारंभ पर सभी विद्यार्थियों को शुकामनाएं दी।

इस बार संचार फेस्ट की सभी स्पर्धाओं के लिए छात्रों को छत्तीसगढ़ के पंडवानी, सरहुल, करमा और पंथी नृत्य व गायन शैलीयों के नामों पर बांटा गया है। इस मौके पर संचार फेस्ट के संयोजक डॉ. शाहिद अली, खेल प्रभारी आशुतोष मंडावी, डॉ. राजेन्द्र मोहंती, डॉ. नृपेन्द्र शर्मा, डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

बयानवीरों पर कार्यवाही कब

नई दिल्ली में भड़के दंगों के लिए कौन कितना जिम्मेदार है इसका पता तो जांच के बाद ही चलेगा। अब दिल्ली में शांती बहाल होने लगी है लेकिन कुछ लोग अभी भी भड़काऊ बयानबाजी कर के दंगों की आंच में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की पूरजोर कोशिशें कर रहे है। इस बयानवीरों के खिलाफ आखिर कब कार्यवाही होगी। दिल्ली में दंगों भड़काने के लिए काफी हद तक ऐसे बयानवीर नेता ही जिम्मेदार है जिन्होने भड़काऊ बयानों की झड़ी लगा दी थी। अब एक एक कर के ऐसे बयानवीरों के विडियों वायरल हो रहे है, जिसमें एक है टुकड़-टुकड़े गैंग के तथा-कथित छात्र नेता उमर खलिद का 17 फरवरी को महाराष्ट्र के अमरावती में दिया गया एक भड़काउ बयान जिसमें वह भारी भीड़ को संबोधित करते हुए लोगों को उकसा रहा था कि वे डोनाल्ड ट्रंप के भारत आगमन के दौरान सड़कों पर उतर आएं। इसी तरह असउद्दीन ओवैसी ने भी कई भड़काउ बयान दिए थे। वह तो अभी अभी इस तरह की भड़काऊ बयानबाजी से बाज नहीं आ रहा है और दिल्ली में हुए दंगों के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठाहराते हुए इन दंगो को नरसंहार करार दे रहा है। दंगों के बाद भी आपत्तिजनक बयानबाजी बदस्तूर जारी है। आपत्तिजनक नारेबाजी करने के आरोप में तीन भाजपा कार्यकताओं की भी गिरफ्तारी की गई है, वहीं कई भाजपा नेतओं के खिलाफ भड़काउ बायनबाजी का मामला न्यायालय तक पहुंचा है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ भी भड़काउ बयानबाजी के लिए मुकदमा दर्ज करने की मांग की गइ है। कुल मिलाकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई नेता भड़काउ बयानबाजी के आरोपों से घिरे हुए है। ऐसे बयानवीर नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही जरूर होनी चाहिए ताकी वे भविष्य में आग में घी डालने का काम न करें। सोशल मीडिया पर भी अराजक तत्व लगातार अफवाहें उड़ा रहे है। ऐसे लागों की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। इस समय पहली प्राथमिकता देश की राजधानी नई दिल्ली में शांती और आपसी भाई चारे के माहौल को बनाए रखना है। बेहतर होगा कि सभी राजनीतिक दलों के नेता दलगत भावना से उपर उठकर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति छोड़ कर नई दिल्ली में शांती और सद्भाव स्थापित करने के लिए मिल जुलकर काम करें।

विचार

मंत्रालयों की कार्यशैली में ऐसा विरोधाभास

केन्द्र सरकार के मंत्रालयों की कार्यशैली में गजब का विरोधाभास दिखाई देता है, कानून मंत्रालय अपराध नियंत्रण के लिए कड़े से कड़ा कानून बनाता है ताकि जनता के मन में अपराध के प्रति भय का भाव पैदा हो जावे और लोग अपराध करने से परहेज करें। लेकिन सरकार का दुसरा सूचना और प्रसारण मंत्रालय टेलीवीजन, इंटरनेट मोबाईल आदि के माध्यम से छोटे बच्चे , युवा महिला पुरूषों को उनके घर में घुस कर बड़े बुजुर्गो की उपस्थिति में हिंसा, अश्लीलता, अर्धनग्नता, हत्या, छल, मारपीट नशे का सेवन आदि के दृश्य निरंतर दिखता रहता है, इससे नई पीढ़ी के मन में इस प्रकार की अश्लील हरकत के प्रति निर्भिकता और आकर्षण का भाव पैदा होता है, और अपराध के प्रति भय का भाव खत्म हो जाता है। वही सरकार का तीसरा आबकारी मंत्रालय अपने प्रयासों से आम जनता में शराब गांजा अफीम बीड़ी सिगरेट आदि नशीले पदार्थ बड़ी मात्रा में परोस रहा है। शराब आज चारों तरफ सहजता से उपलब्ध है, राशन दुकानों में अकसर ताला मिलता है लेकिन शराब दुकान में कभी ताला नहीं मिलता, दोनों सरकारी व्यवस्था है। सरकार के आंकड़े बताते है कि अपराध की लाईन में जीने वाले 90 प्रतिशत लोग किसी न किसी प्रकार का नशा करते ही है। अर्थात यह मंत्रालय भी जनता जनता में से भय का भाव मिटाकर अपराध करने की प्रेरणा भरता और कानून मंत्रालय के प्रयासों को मिटा रहा है।

इस आशय की एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े के यहां गायत्री परिवार के वरिष्ट कार्यकर्ता धीरज लाल टैंकर ने दायर की है जिसकी एक प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एवं एक प्रति कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद को भेजी है। ताकि सरकार अपने मंत्रालयों द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के पतनकारी प्रयासों पर रोक लगाकर सृजनात्मक दिशा में मोड़ देवें। क्योंकि कानून बनाकर यदि मीडिया शिक्षाप्रद संदेश देने में लग जावे तो राष्ट्र में सज्जनता और मानवता का वातावरण चारों तरफ पैदा हो जाएगा। टांक ने बताया कि हमारे पूर्वज बचपन से खेतों में परिश्रम करके बड़े हुए है, फिर चाइल्ड लेबर एक्ट लगाकर बच्चों को ईमानदारी पूर्वक उपार्जन करने से रोना उचित नहीं है। इससे तो स्कूल नहीं जाने वाले बच्चे अपराध की दिशा में जा रहे है। अतः चाइल्ड लेबर एक्ट बच्चों के चरित्र हनन का काम कर रहा है। इसी प्रकार स्कूलों में दीर्घकालीन अवकाश गर्मी के बजाए बारिश में दिया जा सकें तो किसाने को बच्चों की श्रम शक्ति कम लागत से मिल जाएगी और किसानों की आर्थिक दशा सुधर जावेगी तथा आत्म हत्या रूक जावेगी साथ ही छात्रों में श्रम शीलता का अभ्यास भी पैदा होगा। ज्ञातव्य है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब चाय बेचते थे तब चाइल्ड लेबर एक्ट नही था, इसलिए देश को इतना मेहनती प्रधानमंत्री मिला है। वहीं सरकार का एक और शिक्षा मंत्रालय भी अपने मकसद से असफल है। सारे के सारे अपराधी किसी न किसी विद्यालय के भूतपूर्व छात्र है। सरकार के पास ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि सरकार विद्यालय या प्राचार्य से पूछ सके की आपका पढ़ासा हुआ छात्र अपराधी कैसे हो गया।

विश्व वन्यजीव दिवस पर विशेष

धरती के अभिन्न अंग हैं वन्य जीव

योगेश कुमार गोयल

> धरती से वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में जीव-जंतुओं की करीब 130 लाख प्रजातियां हैं, जिनमें से हजारों प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। भारत में वन्यजीवों की करीब 76 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं लेकिन उनमें से भी कईयों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। कश्मीर में पाए जाने वाले हांगलू, आमतौर पर दलदली क्षेत्रों में पाई जाने वाली बारहसिंगा हिरण की प्रजाति, दुनिया का सबसे छोटा स्तनपायी सफेद दांत वाला छछूंदर, एशियाई शेर, नामदाफा उड़न गिलहरी, घड़ियाल, गिद्ध, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड इत्यादि कई जीव-जंतु और पक्षी लुप्त होने के कगार पर हैं।

वन्य प्राणियों की विविधता से ही है पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य

दुनियाभर में वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे) मनाया जाता है। सबसे पहले 3 मार्च 1973 को 'जंगली जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्रायः प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन' (साइट्स) का आयोजन किया गया था। 20 दिसम्बर 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 68वें सत्र में अपने प्रस्ताव में उसी को 'विश्व वन्यजीव दिवस' के रूप में अपनाए जाने की घोषणा की और इसके लिए 3 मार्च का ही दिन निर्धारित किया गया। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता ही धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं, इसीलिए प्रस्ताव में जैव-विविधता के नुकसान पर रोक लगाने की बात कही गई। सतत विकास और मानव कल्याण के दृष्टिगत महासभा ने अपने प्रस्ताव में वन्य जीवों के आंतरिक मूल्य और पारिस्थितिक, आनुवांशिक, सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, मनोरंजन, सौन्दर्य सहित विभिन्न योगदानों की पुष्टि की। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है। दरअसल वन्यजीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। इसी कारण धरती पर वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियां लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। वन्यजीवों और वनस्पतियों का संरक्षण क्यों जरूरी है, यह समझना बेहद जरूरी है। दरअसल मनुष्य को धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखना होगा, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा दूसरी मानवीय गतिविधियों के कारण इन वन्य जीवों के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण असंतुलित होता है और उसी का नतीजा हम पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं तथा प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि जितना अधिकार इस धरती पर हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य भी वन्य प्राणियों की विविधता से ही है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं। सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। जिस प्रकार पक्षी छोटे कीड़े-मकोड़ों को खाकर कीट नियंत्रण में महतवपूर्ण योगदान देते हैं और फल-फूल खाकर वनों के पुनर्चक्रीकरण में बड़े सहभागी बनते हैं, उसी प्रकार समुद्री जीव हों या अन्य जीव, पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। जरा सोचकर देखिये कि अगर पक्षी ही नहीं रहेंगे तो खेतों में कीड़े-मकौड़ों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि वे देखते ही देखते फसलों को चट कर जाएंगे। फिर कहां से हम फसल पैदा कर मानव जाति का पेट भर सकेंगे। अतः प्रकृति और अन्य वन्यजीव प्रजातियों के महत्व को समझने के लिए वन्य जीवों का संरक्षण बहुत जरूरी है।

वन्य जीवों और वनस्पतियों के संरक्षण के प्रति विश्वभर में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 3 मार्च 2014 से ही यह दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दुनियाभर में लोगों को अलग-अलग थीम के माध्यम से प्रकृति से विलुप्त हो रहे जीवों, प्रजातियों और अन्य प्राकृतिक वस्तुओं का संरक्षण करने के लिए जागरूक किया जाता है और वन्य जीवों के लिए जागरूकता फैलाने के अलावा प्रकृति एवं मनुष्य के संबंधों को दर्शाया जाता है। इस वर्ष विश्व वन्यजीव दिवस की थीम 'पृथ्वी पर जीवन कायम रखना' (सस्टेनिंग ऑल लाइफऑफ अर्थ) रखी गई है। दरअसल धरती पर जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवन अब खतरे में है। कुछ ही महीनों पहले आस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग में ही एक अरब के करीब जंगली जानवर और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियां जलकर राख हो गई। इस आग के चलते जानवरों और वनस्पतियों की कई दुर्लभ प्रजातियां तो सदा के लुप्त होने के अनुमान भी लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

कोरोना से मुकाबले की तैयारियां जरूरी

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> भारत जैसे देश में जहां अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, डॉक्टरों की कमी है, वहां कोरोना जैसे बीमारियों से निपटना एक मुश्किल काम है। स्वास्थ्य मंत्रालय को ऐसी बीमारियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा और विकसित देशों की चिकित्सा पद्धति को अपनाना होगा। उससे पहले अस्पतालों को चुस्त-दुरुस्त करने की जरूरत है। जिला स्तर के अस्पताल की दयनीय स्थिति के दृष्टिगत महामारियों से मुकाबले की हमारी तैयारी स्वयं दृष्टिगोचर हो जाती है। स्वतंत्रता के पश्चात सरकार और विपक्ष अनेक लोकलुभावन वादे करते रहे हैं, लेकिन बीमार और खस्ताहाल अस्पतालों का इलाज करने में विफल रहे हैं। राजनीतिक दलों, केंद्र और राज्य सरकारों को एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप से राजनीतिक लाभ लेने की जगह धरातल पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का प्रयास करना वक्त की मांग है।

चीन में फैला कोरोना वायरस अब धीरे-धीरे दुनिया के कई दूसरे देशों में फैल गया है। चीन में हजारों की जान ये जानलेवा वायरस अब तक ले चुका है। भारत में भी अब तक इसके तीन मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना वायरस (सीओवी) का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है, जिसके संक्रमण से जुकाम से लेकर सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या हो सकती है। इस वायरस को पहले कभी नहीं देखा गया है। इस वायरस का संक्रमण दिसंबर में चीन के वुहान में शुरू हुआ था। डब्लूएचओ के मुताबिक, बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ इसके लक्षण हैं। अब तक इस वायरस को फैलने से रोकने वाला कोई टीका नहीं बना है। दुनिया भर में कोरोना वायरस के केस लगातार सामने आने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने कोरोना वायरस को अंतर्राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है।

कोरोना वायरस अगर सभी देशों में नहीं तो ज्यादातर देशों मे फैल सकता है। ये विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया चेतावनी है। फिलहाल अगर अंटार्कटिका को छोड़ दिया जाए तो कोरोना का संक्रमण सभी महाद्वीपों में फैल चुका है। चीन से उपजा यह वायरस अब ब्रिटेन, अमरीका, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, थाईलैंड, ईरान, नेपाल और पाकिस्तान जैसे कई देशों तक पहुंच चुका है। कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा ज्यादा से बढ़कर बहुत ज्यादा हो गया है। जिस तरह अलग-अलग देशों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं वो जाहिर तौर पर चिंताजनक है। ऐसे में भारत भी इसके खतरे से अछूता नहीं है। मगर दूसरे कई देशों में जहां कोरोना संक्रमण को लेकर सतर्कता का माहौल देखा जा रहा है, वहीं भारत अब भी बेपरवाह नजर आता है। भारत सरकार की ओर से जारी की गई एक विज्ञप्ति के अनुसार अभी तक भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण का एक भी बड़ा मामला सामने नहीं आया है. लेकिन सवाल यह है कि भारत बड़े मामले का इंतजार क्यों कर रहा है?

देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारे यहां तो कई बीमारियां तो गरीबी, अशिक्षा, साफ-सफाई एवं सेहत के प्रति उदासीनता की वजह से फैलती हैं। जहां एक ओर भारत खुद छोटी-मोटी बीमारियों से निपटने में सक्षम नहीं हो पाया है, वहीं कोरोना वायरस से निपटना बहुत मुश्किल है। आज भी देश के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां चिकित्सा सुविधाएं न के बराबर हैं। न तो पर्याप्त जांच



के इंतजाम हैं और न ही चिकित्सक। डेंगू से निपटने में नाकाम रहने वाला स्वास्थ्य विभाग संसाधनों के अभाव में कोरोना वायरस से कैसे निपटेगा, कहना मुश्किल है।

चीन में कोरोना वायरस की वजह से 47 और लोगों की मौत हो चुकी है। और इसके साथ ही इस प्रकोप के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,835 हो गई है, जबकि कन्फर्म मामलों की संख्या बढ़कर 79,251 तक पहुंच गई है। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बीते दिनें जानकारी दी है कि चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के 427 नए कन्फर्म मामलों और इस कारण 47 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। नेशनल हेल्थ कमीशन के अनुसार, हुबेई प्रांत इस वायरस का मुख्य केंद्र है और यहां से 45 जबकि बीजिंग और हेनान में एक-एक की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुर चीन में अब तक ठीक होने के बाद कुल 39,002 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। कमीशन ने कहा कि 658,587 लोगों के संक्रमित मरीजों के करीबी संपर्क में होने का पता चला है, उनमें से 10,193 को पिछले दिनों चिकित्सा निगरानी से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 58,233 अन्य अभी भी चिकित्सा निगरानी में हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि चीन में फैले कोरोना वायरस के डर से सारी दुनिया भयाक्रांत है। इस स्थिति में भारत की लचर स्वास्थ्य सेवाओं के दम पर मुकाबला मुश्किल है। आंकड़ों के आलोक में अगर बात की जाए तो बिहार जैसे राज्यों में 28391 लोगों पर मात्र एक डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति 1000 लोगों पर एक डॉक्टर होना चाहिए। बकौल केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत में 14 लाख डॉक्टरों की व 64 लाख नर्सों की कमी है। डॉक्टरों के अभाव में डायबिटीज व हृदय रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है। उस स्थिति में कोरोना जैसी महामारी फैलने पर, उससे हम कितना मुकाबला कर सकते हैं, यह बता पाना बहुत कठिन है। चीन में जन्मे कोरोना वायरस का खौफ भारत में अधिक है। इसका कारण हमारी सघन आबादी और नकारा सरकारी चिकित्सीय व्यवस्था है। इस बात में दो राय नहीं कि यदि देश में कोई महामारी आती है तो उस पर काबू पाना बेहद जटिल होगा। किसी भी संक्रमण को रोकने के लिए मात्र चिकित्सा व्यवस्था नाकाफी होती है। संक्रमण को फैलाने या रोकने में किसी भी देश का रहन-सहन, तौर-तरीके और कार्यशैली का अधिक योगदान होता है। हमारे देश में सामान्य रोगों के उपचार के लिए मरीजों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है, ऐसे में अगर कोई जानलेवा महामारी देश में प्रवेश करती है तो लाखों जानें जाना निश्चित है। चीन में कोरोना वायरस कहर बनकर आया है। हजारों लोग इसकी चपेट में आये। यह एक भयंकर महामारी की तरह फैला और दूसरे देशों में इसके फैलने की संभावना है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम देश देश करते रहे

हम देश देश करते रहे और वो चाकुओं से वार करते रहे। हमनें कहा हम हिन्दू है बटवारा नही होने देंगे,उन्होंने कहा हम दंगाई है देश को एक रहने नही देंगे। जाग जाओ और हिन्दू मुस्लिम से बाहर निकल कर देश की सोचो। बेशक वो हिन्दू सिपाही था तो तुमने मार दिया ,पर ये वतन हिंदुस्तान है ये पाकिस्तान नही बनने देगें।

- संध्या चतुर्वेदी

केवल एक छलावा

केवल एक छलावा दुनिया लगती एक दिखावा दुनिया प्रेम वफ़ा सब झूठ रहा है इश्क कहाँ से पावा दुनिया हम शीशे के बने हूए है और बनी है लावा दुनिया नर्क बना संसार हो जैसे कब है काशी काबा दुनिया शाकाहार हमारा भोजन और है मुस्लिम ढाबा दुनिया। - मित्र ग़ाज़ियाबादी

ख़ास पाती

हौसलों पे अपने इतरा के

हौसलों पे अपने खूब इतरा इतरा के घूमते हैं, दर्द-ए-गम से भी नजरें मिला मिला के घूमते हैं, ये नूर है मेरे वजूद का रौशनी उधार की नहीं, जानिये नफरतों से हम कतरा कतरा के घूमते हैं, जुदा सा अन्दाज़ है नहीं फ़िक्र शोहरतों की , गर मिलें तो नज़रों पे पर्दा गिरा गिरा के घूमते हैं, घबराना क्या फित्तरत है जमाने की तंज कसना, खुशबू सा हवाओं मे सरसरा सरसरा के घूमते हैं, स्याह रातों मे रोशनी हैं जुगनुओं सी चांदनी चांद की, सजी लबों पे तब्बसुम फूलों से चुरा चुरा के घूमते हैं। - विजय लक्ष्मी राय

जन्मे ही मां की गोद से बड़ा सुकून

जन्मे ही ,मां की गोद से बड़ा सुकून और कहां...!! बचपन से बड़ा आज़ादी व खुशी और कंहा !!! जवानी से सुंदर, जीवन ही क्या ? पर, मध्यवयस्क बहुत भारी ..!!! ईसकी कामयाबी में ही छुपी हैं जिंदगी सारी...।। जीवन की प्रतिबिंब इसी पड़ाव में नज़र आती।। कर्म और कर्मफल की तराजू में उलझ जाती नियति...!! फिर बुढ़ापा किसी को खुशी, तो किसी कोदर्द देता.। और मौत वक्त बेवक्त आकर सबसे दूर ले जाता..!! और, फ़िर से , जीवन लौट आता .... एक नया जनम .., एक नया चेहरा नज़र आता...????

- मितु घोष

वे दुखी थे कि दूर शहर में दंगे हुए

वे दुखी थे कि दूर शहर में दंगे हुए थे वे खुश थे कि दंगे दूर शहर में हुए थे वे इंसान थे ईमानदार थे दिनचर्या में व्यस्त थे

- शिवानी जयपुर

खून सने नम अश्रु से दिखते हैं अखबार मचा हुआ देश में हाहाकार

खून सने नम अश्रु से,दिखते हैं अखबार। मचा हुआ है देश में ,ऐसा हाहाकार।। मान रहे जो देश में,खुद को हिस्सेदार। हिंसा नफरत का वही,करते कारोबार।। आना-जाना जगत में ,केवल प्रभु के हाथ। बस निर्धारित अवधि तक,सब रहते हैं साथ।।

- डॉ.बिपिन पाण्डेय

जुल्फ देखी है या नज़रों ने घटा देखी

जुल्फ देखी है या नज़रों ने घटा देखी है लुट गया वो जिसने भी तुम्हारी अदा देखी है। अपने चेहरे को अब हम से ना छिपाना मुद्दतों बाद किसी मरीज़ ने दवा देखी है।।

- कमलकांत डोंगरे

हम वो सूरज है जो रोज उग आएंगे

हम वो सूरज है जो रोज उग आऐंगे हौंसलौं के उजालों को फैलाऐंगे गम ना कर चांदनी रात काली भले रात से हाथ तेरा हम खीच लाऐंगे।

- रेनूमनोज श्रीवास्तव

आरजू सही दिल में अपनाने के लिए

आरजू सही दिल में अपनाने के लिए कहानी नही। पिलाऊँ क्या प्यासे को खुद पीने के लिए पानी नही।। जिंदगी के सफ़र के दौरान सोचने पर मजबूर हुए। पर अखाड़ा बन चुका है अपनो से मनमानी नही।।

- भरत सिंह

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ के किस जिले में 10 हजार महिलाओं ने एक साथ सुआ नृत्य कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था?
(क) रायपुर (ख) दुर्ग (ग) राजनांदगांव
2) एडविन पार्कर ट्वोमबली को कला जगत में किस नाम से जाना जाता है?
3) नवम्बर, 2019 में जारी लोकपाल का आदर्श वाक्य क्या है?
4) भारतीय रेलवे वित्तीय प्रबंधन संस्थान का उद्घाटन कहाँ किया गया? (चेन्नई / हैदराबाद)
5) वेस्ट इण्डीज के पूर्व बल्लेबाज बेसिल बूचर का निधन हो गया है। उन्हें किस वर्ष विजडन क्रिकेटर ऑफद ईयर चुना गया था?(क) 1969 (ख) 1970 (ग) 1972 (घ) 1975

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दुर्ग (2) [illegible] (3) मा गृधः कस्यस्विद्धनम् (4) हैदराबाद (5) 1970

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1575- मुगल बादशाह अकबर ने तुकारोई की लड़ाई में बंगाल की सेना को परास्त किया। 1707- छठे मुगल बादशाह औरंगजेब का निधन, बहादुरशाह प्रथम ने गद्दी संभाली। 1839- टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा का जन्म हुआ। 1919- मराठी भाषा के सुप्रसिद्ध लेखक हरिनारायण आप्टे का निधन। 1923 - टाइम पत्रिका का पहला प्रकाशन हुआ। 1983- सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन नयी दिल्ली में संपन्न हुआ। 1992- तुर्की के कोयला खदान में गैस विस्फोट में 263 लोग मारे गये। 2005 - यूक्रेन के राष्ट्रपति विक्टर यूशचेंको की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने इराक से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया। 2006 - फिलीपींस में आपातकाल हटाया गया।

अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा जवाहर नगर मुख्य मार्ग के पास का तिराहा

महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। 5 बजे से आहूत महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। हाउसिंग बोर्ड पेट्रोल पंप रोड से कैलाश नगर जाने वाले मार्ग पर जवाहर नगर शराब भट्टी के पास मुख्य मार्ग पर तिराहा को अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर नामकरण करने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गईए बता दें कि वहां के समाज जनों एवं लोगों ने इसकी मांग की थी। बैठक में कुल 14 प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों ने विस्तार पूर्वक चर्चा किये। महापौर परिषद के समक्ष बैठक में स्लाटर हाउस का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन कार्य, भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत शासन द्वारा वितरित किए जा रहे पट्टे एवं पूर्व में वितरित पट्टे का नवीनीकरण कर पट्टे धारियों को दी जा रही मालिकाना हक के परिप्रेक्ष्य मे प्राप्त राशि एवं विभिन्न शुल्क को निगम भिलाई कोष में जमा कराए जाने के संबंध में लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर के नाम से जवाहर नगर के पास मुख्य तिराहा का नामकरण किए जाने, पाइप लाईन संधारण कार्य सामग्री सहित, वित्तीय वर्ष 2020.21 के लिये संपत्तिकरण की दरें एवं जोन के वर्गीकरण निर्धारण, जोन में संचालित एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद बनाने के संबंध में, जोन 01 के वार्ड क्रंण् 1, 2, 3, 4, 69 एवं 70 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन 01 वार्ड क्रं. 5, 6, 7, 8, 9 एवं 12 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रंण् 02 के वार्ड क्रंण् 10,11,13,14,15 एवं 16 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रंण् 02 के वार्ड 17,18,19,26 एवं 27 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रंण् 05 टाउनशिप के वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रंण् 04 के वार्ड क्रमांक 28, 29, 35, 36, 37 एवं 38 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध मेंए जोन क्रंण् 04 के वार्ड क्रंण् 30, 31, 32, 33 एवं 34 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में, जोन क्रं. 03 के वार्ड क्रंण् 20, 21, 22, 23, 24 एवं 25 में साफ सफाई व्यवस्था के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिस पर बैठक में उपस्थित महापौर एवं परिषद के सदस्यों द्वारा सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई।

रकम लेकर बिल्डर ने नहीं कराई भूमि की रजिस्ट्री और ना ही मकान बनाया

जिला उपभोक्ता फोरम दुर्ग ने बिल्डर पर 4.58 लाख हर्जाना लगाया

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बिल्डर ने जमीन सहित मकान के लिए उपभोक्ता से इकरारनामा किया और जमीन की कीमत पूरी प्राप्त कर ली लेकिन ना तो जमीन की रजिस्ट्री की और ना ही मकान का निर्माण शुरू किया, इसे उपभोक्ता के प्रति व्यावसायिक कदाचरण और सेवा में निम्नतापूर्ण आचरण मानते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने बहुत भोंसलेस प्रॉपर्टीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के डायरेक्टर राजीव भोंसले एवं राहुल भोंसले पर 4.58 लाख रुपये हर्जाना लगाया।

ग्राहक की शिकायत

अंबिकापुर जिला सरगुजा निवासी परिवादिनी रंजना सिंह ठाकुर ने कुम्हारी स्थित लोटस साईं सिटी ड्रीम्स कैवल्यधाम के पास जमीन सहित मकान हेतु 21 लाख रुपये में भोंसलेस प्रॉपर्टीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के डायरेक्टर राजीव भोंसले एवं राहुल भोंसले के साथ इकरारनामा करके 432100 रुपये भुगतान किया, जिसके तहत भूमि की रजिस्ट्री 60 दिन में करने के बाद मकान का निर्माण शुरू किया जाना था परंतु बिल्डर ने ना तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और ना ही मकान का निर्माण शुरू करवाया और परिवादी से बकाया रकम की मांग भी नहीं की। परिवादिनी ने मकान हेतु ऋण लिया था जिस पर उसके द्वारा प्रतिमाह ब्याज भी दिया जा रहा था। प्रकरण में अनावेदक बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर बचाव के लिए उपस्थित नहीं हुए।

फोरम का फैसला

जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व श्रीमती लता चंद्राकर ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्य एवं दस्तावेजों आधार पर विचारण पश्चात यह सिद्ध पाया कि अनावेदक बिल्डर कंपनी ने परिवादिनी से रकम लेने के बाद भी तय शर्त के अनुसार भूमि की रजिस्ट्री नहीं कराई ना ही मकान का निर्माण कार्य शुरू किया। अधिवक्ता नोटिस के माध्यम से राशि की मांग किए जाने पर राशि भी नहीं लौटाई। यह व्यवसायिक दुराचरण और सेवा में निम्नता की श्रेणी में आने वाला कृत्य है। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व श्रीमती लता चंद्राकर ने बिल्डर पर 458100 रुपये हर्जाना लगाया, जिसके तहत अनावेदक कंपनी के डायरेक्टर राजीव भोंसले एवं राहुल भोंसले को जमा राशि 432100 रुपये, मानसिक व आर्थिक कष्ट की क्षतिपूर्ति स्वरूप 25000 रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 1000 रुपये देना होगा। साथ ही जमा राशि पर दिनांक 14 जुलाई 2015 से 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना होगा।

भारतमाला परियोजना शुरू करने केंद्र सरकार ने नहीं दिया फंड

प्रभावित किसानों को मुआवजा भी नहीं मिला, प्रोजेक्ट भी शुरू नहीं हो पाया

दुर्ग। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत दुर्ग से नया रायपुर के बीच सिक्स लेन एक्सप्रेस वे का निर्माण करने किसानों से अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा न मिलने पर विधायक अरूण वोरा ने विधानसभा में सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि न तो प्रभावित किसानों को अभी तक मुआवजे की राशि मिली है न प्रोजेक्ट का काम शुरू हो पाया है। बजट सत्र में विधायक अरुण वोरा ने राजस्व मंत्री जयसिंग अग्रवाल से पूछा कि प्रस्तावित सिक्स लेन एक्सप्रेस वे का निर्माण करने कितने किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। प्रभावित किसानों कृषको को मुआवजा कब दिया जाएगा। इसके जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि परियोजना में दुर्ग जिले के 25 ग्रामों के 1363 किसान और रायपुर जिले के 26 ग्रामों के 2282 किसानों की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही चल रही है। प्रभावित किसानों की भूमि का मुआवजा शासन के निर्देश पर प्रारंभिक अधिसूचना के समय प्रजलित बाजार मूल्य के दो गुना की दर से दिया जाना है। भारतीय राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण विभाग से राशि प्राप्त न होने के कारण किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा सका।

12वीं कॉमर्स की कक्षा 12 मार्च से प्रारंभ : डॉ.संतोश राय

भिलाई। सी.ए./सी.एम.ए./सी.एस. में सर्वाधिक परिणाम देने वाली संस्था में सीबीएसई 12वीं एवं 11वीं की कक्षाओं में प्रवेष प्रारंभ हो चुका हैं। कक्षा 12वीं की प्रथम बैच 12 मार्च से षुरू हो रही हैं, उक्ताषय की जानकारी संस्था संचालक डॉ. संतोश राय ने दी। 12वीं के सभी विशय संस्था के प्रोफेषनल षिक्षकों द्वारा पढाये जाते हैं। एकॉउन्टस (डॉ. संतोश राय), इकोनॉमिक्स (पीयूश जोषी), बिजनेष (सी.ए. प्रवीण बाफ्ना), मैथ्स (सी.ए. केतन ठक्कर), आई.पी. (साइकोलॉजिस्ट मिट्ठू मैडम) द्वारा पढ़ाया जाता हैं। डॉ. संतोश राय ने चर्चा के दौरान बताया कि डॉ. संतोश राय इंस्टीट्यूट एकमात्र ऐसी संस्था है जहां 11वीं, 12वीं, सी.ए./सी.एम.ए./सी.एस., बी.कॉम., परसनाल्टी डव्लपमेंट की कक्षाएँ संचालित होती हैं। संस्था में छात्र-छात्राओं के सर्वागिंण विकास हेतु ध्यान दिया जाता हैं। वहीं संस्था मे साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट द्वारा छात्रों का मूल्यांकन एवं मार्गदर्षन किया जाता हैं, ताकि छात्र-छात्राएं अपने कैरियर के प्रति सजग हो सके।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RAMESH CHANDRA BANSAL S/O LT. THAMBU RAM BANSAL निवासी H.NO.-1078/1, SHYAM MANDIR ROAD, WARD-17, KADAMBARI NAGAR, DURG CG.491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RAMESH CHAND BANSAL S/O LT. THAMBU RAM BANSAL रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RAMESH CHAND BANSAL S/O LT. THAMBU RAM BANSAL से ही जाना पहचाना जावे।

RAMESH CHAND BANSAL
H.NO.-1078/1, SHYAM MANDIR ROAD,WARD-17, KADAMBARI NAGAR, DURG CG.491001

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता श्रवण कुमार निषाद पिता स्व. दशरुराम निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम भेडसर तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) हूं। यह कि मैं एच.डी.एफ.सी. लाइफ इंश्योरेस पॉलिसी नं. 12238453 प्राप्त किया हूं जिस पॉलिसी में मेरा नाम श्रवण कुमार पारकर पिता दशरु राम पारकर दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड 2746 7490 1386 पैन कार्ड ए.व्ही.एफ.पी.एन 2047 क्यू तथा मेरे बैंक पास बुक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग शाखा नगपुरा के खाता क्र. 101001019130 में भी मेरा नाम श्रवण कुमार निषाद पिता दशरुराम निषाद लिखा है। मेरे संपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम श्रवण कुमार पारकर पिता दशराम पारकर के नाम से दर्ज है परंतु उपरोक्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रवण कुमार निषाद पिता दशरुराम निषाद के नाम से दर्ज है। श्रवण कुमार निषाद पिता स्व. दशरुराम निषाद व श्रवण कुमार पारकर पिता दशरुराम पारकर ये नाम मुझ ही शपथकर्ता एवं मेरे पिता का ही नाम है, एक व्यक्ति हूं के परिप्रेक्ष्य में यह शपथपत्र माननीय सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
श्रवण कुमार

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./719/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुदीप कोचर पिता स्व. सोभागमल कोचर निवासी ग्राम महावीर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 524/42 कुल रकबा 0.0200 हें. मे से रकबा 0.010 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता सतीष जैन अन्य 07 पिता स्व. सोभागमल कोचर निवासी ग्राम महावीर नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 18.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./720/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश जैन पिता स्व. सोभागमल कोचर निवासी ग्राम महावीर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 524/42 कुल रकबा 0.0200 हें. मे से रकबा 0.010 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता सुदीप कोचर अन्य 07 पिता स्व. सोभागमल कोचर निवासी ग्राम महावीर नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 18.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./285/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सालिक राम आ. पीलूराम ध्रुव साकिन भिलाई के द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 717/18 रकबा 2360 वर्गफीट भूमि विक्रेता यवन सिंह आ. जगत मुरारी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 22.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 18.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 02.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेनू यादव आ. द्वारिका यादव निवासी बोरीगारका तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरीगारका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 102/1 रकबा 0.5800 हे. भूमि जो कि के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु द्वारिका यादव पिता झड़ी यादव के हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पक्षकार :- उत्तम कुमार, विजय कुमार दोनो आ. श्रवण कुमार लोही, निवासी ग्राम कोहका तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक लोकेश लोही पिता स्व. शंकर लोही निवासी सेक्टर 02 भिलाई द्वारा मौजा ग्राम कोहका स्थित भूमि ख.न. 7863/2 रकबा 0.004 हे. भूमि जो उसके स्व. पिता शंकर लोही एवं खसरा नं. 7863/1 रकबा 0.0260 हे. मृतक शंकर लोही के संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को इस संबंध में आपत्ति एवं दावा उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 06.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया ।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आनंद जैन आ. सुभाषचंद्र जैन साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 86/1, 86/2 एवं 87/1 का टु. रकबा 0.015 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से हरिप्रसाद देवांगन आ. बालमुकुंद देवांगन से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं वसीम शेख पिता श्री अब्दुल सलीम शेख निवासी क्वा. 3/ सी सड़क नं. 08 सेक्टर 02 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई में जूनियर ऑफिसर के पद पर कार्यरत हूं मेरा पर्सनल नंबर 154705 है। मेरे भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विस रिकार्ड एवं अन्य शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सलीम शेख दर्ज है जो कि अपूर्ण है मेरे पिता का पूर्ण नाम अब्दुल सलीम शेख है जो कि उनके आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पासपोर्ट, नगर निगम के दस्तावेजों में दर्ज चला आ रहा है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड एवं अन्य शासकीय/ अर्धशासकीय मैं दर्ज पिता का अपूर्ण नाम सलीम शेख के स्थान पर उनका नाम अब्दुल सलीम शेख दर्ज करवाना चाहता हूं। जिस बाबत् यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
वसीम शेख

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./284/अ-06/वर्ष 2019-20
ई- 202002101400040

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक क्रेता श्रीमती सावित्री टंडन पति श्री संजू बंजारे साकिन रिसाली भिलाई के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 अ रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 529 रकबा 0.1400 हे. में से 0.014 हे. 1500 वर्गफीट भूमि विक्रेता श्रीमती उर्मिला बाई पति स्व. चोवाराम साकिन रुआबांधा बस्ती भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 06.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 20.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./284/अ-06/वर्ष 2019-20
ई- 202002101400040

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री मनोज कुमार पटेल आ. श्री हरिनाथ पटेल साकिन रुआबांधा भिलाई के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 अ रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 528/1 रकबा 0.1600 हे. में से 0.020 हे. 1350 वर्गफीट भूमि विक्रेता श्रीमती उर्मिला बाई पति स्व. चोवाराम साकिन रुआबांधा बस्ती भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 06.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 20.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
950/अ-2 /2019-20	राघवेन्द्र दास वैष्णव	202002100400438

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राघवेन्द्र दास वैष्णव आ. स्व. नरेन्द्र दास वैष्णव द्वारा होम प्लास बिल्डर्स जुनवानी रोड भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जुनवानी प.ह.न. 21 तह. व जिला दुर्ग	58/3	0.40 हें 43556 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
913/अ-2 /2019-20	श्रीमती उर्मिला देवी	202002100400410

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती उर्मिला देवी पति स्व. प्रहलाद कुमार निवासी सेक्टर 06 रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	651/10	0.020 हें 2775 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./29/अ-20(3) वर्ष 2017-18

आवेदिका श्रीमती माया बाई स्वर्णकार पति स्व. राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम ब्राम्हणपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल शीट क्रमांक 29 सी प्लाट नंबर 73 रकबा 137 वर्गमीटर भूमि धारक राजेन्द्र प्रसाद आ. गजराज प्रसाद स्वर्णकार निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक राजेन्द्र प्रसाद की मृत्यु दिनांक 02.03.2018 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती माया बाई स्वर्णकार पुत्र नरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार, पुत्री रामेश्वरी, हेमलता, सुमन स्वर्णकार है। आवेदिका द्वारा मृतक धारक का नाम प्रश्नाधीन भूखण्ड से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हे।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.03.20202 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./285/अ-06/वर्ष 2019-20
ई- 202002101400041

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती मधु पटेल पति श्री रमेश पटेल साकिन हनोदा के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 अ रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 528/1 रकबा 0.1600 हे. में से 0.012 हे. 1303 वर्गफीट भूमि विक्रेता श्रीमती उर्मिला बाई पति स्व. चोवाराम साकिन रुआबांधा बस्ती भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 06.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 20.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार यादव आ. शत्रुहन लाल साकिन सेक्टर 07 भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 934/13, 934/14 रकबा 0.0180 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से श्रीमती सीमा सोनी पति नंदू सोनी से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग
//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कांति देवी पति श्री कोमल प्रसाद निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी. 210 उमदा भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्रीमती कांति देवी के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 22.03.2013 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 08.08.2018 को निष्पादन पश्चात उक्त भवन को बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 30.08.2018 को श्री टी. वेक्टेश्वर राव आ. श्री टी. दशरथी के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री टी. वेक्टेश्वर राव द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन नवीन क्रेता श्री टी. वेक्टेश्वर राव के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 27.02.2020 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग
//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पी.एस. देवी पति श्री पी. श्रीनिवासी राव एवं श्रीमती जहांआरा पति श्री मो. सोयब निवासी कुरुद भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 1326 विश्व बैंक कालोनी कुरुद भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्रीमती पी.एस. देवी एवं श्रीमती जहांआरा के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 11.09.2018 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 05.10.2019 को निष्पादन पश्चात उक्त भवन को बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 09.10.2019 को श्रीमती रानी परवीन पति श्री मोहम्मद कलाम के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती रानी परवीन द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन नवीन क्रेता श्रीमती रानी परवीन के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 27.02.2020 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./95/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललित कुमार यादव पिता मुतुराम निवासी सांकरा ने ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1541/10 रकबा 0.018 हे. को विरासत हक के आधार पर भूमिस्वामी राजेश कुमार यादव पिता ललित यादव का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 05.03.2020 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2020 को जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

क्र./प्र.1 अति. तह./वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जसविंदर सिंग आ. अमोलक सिंग साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम झेझरी प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 156 रकबा 0.310 हे. भू.रा. रुपए से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./97/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लता सरसिहा पति रमेश सरसिहा निवासी चरोदा ने ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 433/92 रकबा 0.022 हे. को विरासत हक के आधार पर भूमिस्वामी रमेश कुमार पिता रामाधार का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 05.03.2020 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2020 को जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./107/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती तारा पति ज्ञानचंद बारिक साकिन सेक्टर 10 भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 684/17 रकबा 0.02 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से मलेश्वर राव आ. स्व. बी. कासुलु से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री साइकट रे आ. श्री निर्मलेन्दू रे साकिन राधिका नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 276/132 का टु. रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से सुमीत कुमावत आ. सी.एम. कुमावत से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र सिंह राजपूत आ. भारत सिंह राजपूत साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 616, 9, 9/1229 रकबा 0.014 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से अटल गोदवानी आ. सीरुमल गोदवानी व अन्य से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./949/अ-02/वर्ष 2019-20
पंजी. 202002100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लालिमा राजपूत पति श्री कुलदीप सिंह निवासी अंजोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 672/90 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के लजीज व्यंजन चीला और चौसेला, अब मिलेंगे कवर्धा में

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला पंचायत परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान समूह द्वारा संचालित जिले का दूसरा भोर कलेवा स्वल्पाहार केन्द्र का उद्घाटन कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के हाथों किया गया। उद्घाटन अवसर पर समूह कि महिलाओं द्वारा बनाये गये छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, फरा, बड़ा, चौसेला का लुत्फ उठाते हुए अवनीश कुमार शरण ने स्वल्पाहार के स्वाद की तारीफ की और समूह कि महिलाओं को कहा कि प्रतिदिन अच्छी गुणवत्ता के साथ स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी नास्ता नागरिकों को परोसा जाए। ज्ञात हो कि मॉडल गौठान बिरकोना में रूरल इन्डस्ट्री पार्क को बढ़ावा देते हुए ग्राम बिरकोना में समूह द्वारा भोर कलेवा स्वल्पाहार केन्द्र का संचालन विगत कई दिनों से किया जा रहा है, जिसमें लोगों कि मांग अनुसार गर्मा-गरम छत्तीसगढ़ी व्यंजन बहुत ही कम दर पर उपलब्ध हो रहा है। इसी तर्ज पर सोमवार को कवर्धा शहर में जय मां काली महिला स्वसहायता समूह ग्राम जोराताल के द्वारा जिला पंचायत परिसर में स्वल्पाहार केन्द्र प्रारंभ किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम विजय दयाराम के. ने बताया कि शहर के निकट स्थित ग्राम जोराताल की महिला स्वसहायता समूह द्वारा भोर कलेवा का संचालन शहर में किया जायेगा। समूह को आजीविका मिशन के तहत जोड़ते हुए स्वल्पाहार केन्द्र से सीधे लाभ होगा। विजय दयाराम के. ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को आमजनो तक बहुत ही कम दरों में पहुचाने के लिए यह पहल किया गया है। प्रातः 6 बजे से नागरिकों को स्वल्पाहार उपलब्ध होगा, दिन के तीन पालियों के लिए बनाये जाने वाले नाश्ता का मेन्यू तय कर रखा गया है। समूह के सभी महिला सदस्यों द्वारा स्वल्पाहार केन्द्र में काम करते हुए आजीविका कमाया जा रहा है। जिला पंचायत में भोर कलेवा केन्द्र खुल जाने से समूह को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा, क्योंकि जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में स्वल्पाहार की पूर्ति हो सकेगी। जिससे खरीदने वाले को बहुत कम पैसे खर्च करने पडेंगे। साथ में आस पास के मोहल्ले में रहने वाले लोगो से भी समूह को अपनी सामग्री बिक्री करने के लिए बाजार उपलब्ध होगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर कबीरधाम जे.के.ध्रुव सहित जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ पत्रकार गण एवं आम नागरिकों ने व्यंजन का स्वाद लेकर उसकी तारीफ की।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आर्थिक सर्वेक्षण: छत्तीसगढ़ की...
अनुमानित है। आर्थिक सर्वेक्षण 2019 - 20 पटल में रखा गया। छत्तीसगढ़ की जीडीपी में स्थिर भाव 2011-12 के आधार पर 5.32 की वृद्धि का अनुमान है। कृषि क्षेत्र में 3.31 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र में 4.94 प्रतिशत। उद्योग क्षेत्र में 4.94 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में 6.62 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है।

फरवरी में भारत की...
2019 में 8 प्रतिशत को पार कर गई थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के डेटा की मानें तो भारत के ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर फरवरी में बढ़कर 7.37% पहुंच गई है, वहीं शहरी इलाकों में यह 9.70% से 8.65% पर आ गई है। वहीं ग्रामीण और शहरी बेरोजगारी दर के बीच अंतर में वृद्धि हुई है।

जनवरी में शहरी बेरोजगारी अपने चरम पर थी

जनवरी 2020 में ग्रामीण बेरोजगारी 6 प्रतिशत थी और दिसंबर 2019 में यह 6.9 प्रतिशत। वहीं अक्टूबर 2019 में यह 8 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। ग्रामीण भारत में बेरोजगारी में गिरावट काफी तेज रही है वहीं शहरी बेरोजगारी की बात करें तो जनवरी 2020 में यह काफी बढ़ गई। यह दिसंबर 2019 में 9 प्रतिशत की तुलना में 9.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं यह अगस्त 2019 में 9.71 प्रतिशत थी और अब यह 9.71 प्रतिशत के करीब है।

आयकर जांच और...
के उपयोग को बताया न्याय संगत और छत्तीसगढ़ में 2011 में हुई छापेमारी कार्रवाई में सीआरपीएफ के उपयोग की दी जानकारी। धर्मजीत सिंह ने कहा सरकार को दी रेट करने की सलाह इनकम टैक्स की जानकारी आने के बाद ही इस पर रिएक्ट करना उचित होता।

सूत न कपास...
भूमिका पर बिगड़े और उन्होंने कहा शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाने के मामले में मंत्रियों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज होनी चाहिए इन के बीच छजका से विधायक अजित जोगी ने कहा मुख्यमंत्री और मंत्रियों की प्रतिक्रिया देखकर कहा जा सकता है चोर की दाढ़ी में तिनका.. प्रेस कॉफ़्रेंस का इंतज़ार करना चाहिए तब कुछ कहना चाहिए।

शिक्षा में नैतिक...
एक आधुनिक व उद्यमी राष्ट्र के रूप में हो रही है। युवाओं की ऊर्जा के बल पर ही, हम आज दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप इको-सिस्टम तैयार कर सके हैं और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने में सफल हुए हैं। गुरू घासीदास को याद करते हुए उन्होने कहा कि गुरू जी ने मनखे-मनखे एक समान के आदर्श पर चलकर समाज में मेलजोल, समरसता से रहने और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। गुरू घासीदास जी कहते थे कि सत्य की सेवा ही मनुष्य की करूणा, चैतन्य, प्रेम, संयम तथा चरित्र का प्रतीक होता है। इसीलिये लोगों को सद्चरित्र निर्माण के लिये सतनाम का अनुसरण करना ही चाहिये और सभी धर्मों की अच्छी बातों-आदर्शों का अनुसरण करना चाहिये।

अनियंत्रित पिकअप पलटी...
घायलों में कई ग्रामीणों की हालत गंभीर बनी हुई है। साप्ताहिक बाजार का दिन ग्रामीण क्षेत्रों में पीकप वाहन आवागमन का मुख्य साधन होता है, जिसमें एक गाड़ी में 50 से अधिक लोग सवार हो जाते हैं, अधिक लोग सवार होने के कारण कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं।

खेलगढ़िया योजना: ....
सबसे पहले नव प्रदेश ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

ये है मामला: दरअसल खेलगढ़िया योजना के तहत शासन की ओर से शिक्षण सत्र2019-20 में दन्तेवाड़ा जिले के प्राइमरी,माध्यमिक और हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार खेल सामग्री खरीदने के लिए राशि प्रदान की गई थी। जिले के 820 स्कूलों के लिए 62 लाख 20 हजार रुपये स्कूलों के खाते में जमा कराए गए थे। प्रति प्राथमिक विद्यालय 5 हजार, प्रति माध्य विद्यालय 10 हजार तथा प्रति हाई/ हायर सेकेंडरी विद्यालय 25हजार रुपये दिए गए थे। स्कूलों के प्राचायों को खेल सामग्री खरीदने के लिए यह राशि खर्च करनी थी। लेकिन करीब 188 प्राथमिक स्कूलों में खेल किट बिना प्रचार्यों को सूचित किए ही पहुंचा दी गई थी। प्राचार्यों को पता ही नहीं है कि खेल किट पहुंचा कौन रहा है। इस किट की खेल सामग्रियों पर भी सवाल उठने लगे थे। फिर इस किट के एवज में प्राचार्यों से पैसे भी वसूल किए जाने लगे थे। नव प्रदेश ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिला अधिकारी ने भी पहले जांच के निर्देश दिए थे और अब शिक्षा विभाग ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है और खेल सामग्री की सप्लाई पर रोक लगा दी है।

सीएम ने पीएम..
की खबर होगी ही। मैं पूरे आदर से आपको बताना चाहता हूं कि भारत सरकार के वित्त, गृह मंत्रालय की कार्रवाई एक प्रकार से 'सहयोगात्मक संघीय व्यवस्था' का निरादर ही है। भारत सरकार की एजेंसियों की कार्रवाई एक ओर राजनीतिक प्रतिशोध प्रतीत होती है तो दूसरी ओर ये हमारे लोकतंत्र के मूलतत्व को डराती है क्योंकि एक पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते इस बात से आप भी सहमत होंगे कि कानून व्यवस्था राज्य का विषय होता है और केंद्रीय बलों को किसी राज्य में वहां की राज्य सरकार की अनुमति व उसे सूचना दिए बगैर तैनात नहीं किया जा सकता।

इन दो सवालों का...
मुख्यमंत्री ने आगे लिखा- 'यह भी एक साजिश वाला ही संयोग है कि ये छापे तब पड़े हैं जब राज्य सरकार की ओर से पिछली भाजपा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के मामलों में आपराधिक जांच शुरू करने का निर्णय लिया गया। हमारे राज्य ने कभी भी इंकम टैक्स या केंद्र सरकार की किसी एजेंसी की मदद करने के प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं किया है। इसलिए मैं भ्रष्ट लोगों को खोजने व उन पर मुकदमा चलाने के लिए पुलिस की मौजूदगी की बात दोहराता हूं। मैं आश्वस्त हूं कि आप भ्रष्टाचार उजागर करने के मेरी सरकार के प्रयास को किसी विचारधारा से ऊपर उठकर सहयोग प्रदान करेंगे। मैं आपके विचारार्थ रखी गई स्पष्ट, तथ्यात्मक व संवैधानिक स्थिति के मद्देनजर आपसे सहयोग की उम्मीद करता हूं।

छापों पर सीबीडीटी...
किया गया गुप्त निवेश, आदि के बारे में मिले सबूतों के आधार पर भी शुरू की गई। इसी क्रम में सर्च के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर अनुवर्ती कार्रवाई में कुछ और ठिकानों को भी कवर किया गया।

हिंदी विषय के साथ...
इन परीक्षार्थियों के लिए राज्य में कुल 2304 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। राज्य में सबसे अधिक परीक्षा केन्द्र राजनांदगांव जिले में बनाया गया है। राजनांदगावं में सर्वाधिक 166 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। वहीं राजधानी रायपुर में इस वर्ष 16000 परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। रायपुर जिले में परीक्षार्थियों के लिए 144 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह बिलासपुर में 154, रायगढ़ में 143 व दुर्ग में 124 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। माशिमं की ओर से नकल प्रकरण में नाम शामिल होने वाले तथा विभिन्न कारणों को ध्यान में रखते हुए पूर्व में बनाए गए 5 परीक्षा केन्द्र को बंद कर दिया है, इनके स्थान पर 77 नए विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिका, प्रश्नपत्र आदि पहले से ही परीक्षा केन्द्र के निकट स्थित पुलिस थानों के स्ट्रांग रूम में जमा करा दिया था। ज्ञात हो कि आज 12वीं बोर्ड की परीक्षा के ठीक बाद कल 03 मार्च से 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू हो जाएगी। 10वीं की परीक्षा में इस बार राज्य भर से कुल 03 लाख 92 हजार 68 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

छात्रा ने की आत्महत्या...
नाबालिग छात्रा शंकर नगर स्थित विद्यामंदिर स्कूल में 12 वीं की छात्रा थी घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

गैस सिलेंडर हुआ 53 रूपये सस्ता, लोगों ने ली राहत की सांस

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मार्च की शुरूआत मंहगाई पर थोडी राहत के साथ हुई है, 01 मार्च से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बडी कटौती की गई है। इसके अलावा पेट्रोल और डीजल के दाम में भी 01 मार्च को बडी गिरावट दर्ज की गई। सरकार ने होली से पहले गैस उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम मे कटौती कर तोहफा दिया है। रसोई गैस सिलेंडर की घटी हुई कीमते 29 फरवरी की आधी रात से लागू हो गई है। यानी आज से ग्राहकों को गैर सब्सिडी वाला रसोई गैस सिलेंडर(14.2 किलोग्राम) 53 रूपय सस्ता मिलेगा। ग्राहको को 29 फरवरी तक बिना-सब्सिडी वाले सिलेंडर के दाम 893.50रूपय चुकाने पडते थे। लेकिन अब ग्राहकों को मार्च माह में 841 रूपय देने होंगे।

जीवन ज्योति रक्तदान समिति द्वारा मोहरा में 73 यूनिट रक्तदान हुआ

खरोरा। ग्राम मोहरा में जीवन ज्योति रक्तदान समिति के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 73 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया जिसमें युवा,महिला वर्ग में रक्तदान करने के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला।महिलाओं की भागीदारी अधिक थी ।गौरतलब है कि मोहरा के मनीष वर्मा द्वारा 52 वा व प्राणनाथ वर्मा ने 56 वा एंव ललित नायक ने भी 50 बार से भी अधिक रक्तदान कर एक मिसाल कायम की है। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए जूस व फल की ब्यवस्था में विशेष रूप से ग्राम मोहरा के ललित नायक ,अनिल वर्मा,राजेश वर्मा उपसरपंच,प्राणनाथ वर्मा,मनीष वर्मा,मोहित वर्मा,मालिक राम वर्मा, सरपंच मन्तोष पाठक,भोजन ब्यवस्था में हरिश्चंद्र वर्मा,जीत मेडिकल स्टोर्स का विशेष सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित

CSPDCL (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

विद्युत अवरोध सूचना

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेरला एवं साजा में उचित रखरखाव एवं मेंटनेंस कार्य हेतु निम्नानुसार दर्शाए गए क्षेत्र में विद्युत अवरोध रहेगी। जो कि निम्नांकित है :-

समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
01.	04.03.2020 (प्रातः 10.00 बजे से शाम 05 बजे तक)	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेरला से निकलने वाले समस्त फीडर	बेरला उपकेन्द्र से निकलने वाले सभी फीडर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम।
02.	04.03.2020 (प्रातः09.00 बजे से शाम 05 बजे तक)	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र साजा से निकलने वाले समस्त फीडर	साजा उपकेन्द्र से निकलने वाले सभी फीडर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम।

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा की बचत करें।

कार्यपालन अभियंता
(सं./सं.) संभाग, छ.रा.वि.वित.कं. मर्या.,
साजा

कार्यालय, जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 97/न.पा.नि./जोन-03/19-20 रायपुर, दिनांक 28.02.2020

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जिसमें लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व अन्य चाही गई समस्त दस्तावेज तथा लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा तथा लिफाफा (अ)+ (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट अथवा पी.एण्ड टी. विभाग से अधिकृत कोरियर के द्वारा प्राप्त किया जावेगा एवं सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी। मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा जमा करने की तिथि - 20.03.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा खोलने की तिथि - 23.03.2020 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र. 51 अंतर्गत एन.एच. 06 जी.ई. रोड से एम.आर. 15ए सुनीता पार्क सूरज नगर लाभाण्डी में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य।	19.99	20000/-	750/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह
02	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र. 51 अंतर्गत एन.एच. 06 जी.ई. रोड से एम.आर. 15 ए सुनीता पार्क सूरज नगर लाभाण्डी में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य।	19.78	20000/-	750/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह
03	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र. 51 अंतर्गत एन.एच. 06 जी.ई. रोड से एम.आर. 15ए सुनीता पार्क सूरज नगर लाभाण्डी में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य।	18.09	19000/-	750/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह
04	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र. 51 अंतर्गत एन.एच. 06 जी.ई. रोड से एम.आर. 15ए सुनीता पार्क सूरज नगर लाभाण्डी में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य।	18.13	19000/-	750/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह
05	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्र. 51 अंतर्गत लाभाण्डी तक सी.सी. रोड व नाली, पुलिया निर्माण कार्य।	18.13	19000/-	750/	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह

1. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा। 2. नगर पालिक निगम, रायपुर के ऑनलाईन साईट http://nagarnigamraipur.nic.in से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र शुल्क राशि डी.डी. के माध्यम से जमा किया जावे। जो कि जोन आयुक्त, जोन क्र. 03 के नाम देय होगा। 3. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक साल्वेंसी, आईटीआर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जीएसटी, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। 4. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा। 5. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है। 6. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

साफ सफाई समस्या निराकरण संपर्क, महापौर स्वच्छता हेल्प लाईन-9301953294

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक- 03,
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाव एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सारागांव वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव रिनोवेशन के कार्य हेतु **दिनांक 04.03.2020 को सुबह 10.00 से शाम 05.00 बजे तक** विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	उपकेन्द्र का नाम	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	33/11 के.व्ही. सारागांव उपकेन्द्र	11 के.व्ही. अड़सेना फीडर	बरौंदा, अड़सेना, मोहदी, गरियारी, मटियाडीह, असौंदा, कुर्रा, बंगोली, धनसुली
2		11 के.व्ही. चंदखुरी फीडर	सारागांव, चटौद, पचेड़ा
3		11 के.व्ही. दोंदे फीडर	जरौदा, तर्रा, टोर
4		11 के.व्ही. सिलियारी (ग्रा.) फीडर	सारागांव (भाठापारा), निलजा, पवनी
5		11 के.व्ही. अटल ज्योति सिलियारी फीडर	निलजा, पवनी, जरौदा, तर्रा
6		11 के.व्ही. अटल ज्योति अड़सेना फीडर	बरौंदा, गनियारी, अड़सेना, मोदही
7		11 के.व्ही. इंडस्ट्रीयल फीडर	सारागांव

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेंटर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"

Credible Chhattisgarh
असुविधा के लिए खेद है

(एस.के. शर्मा)
कर्म.संख्या 92516342
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

सं.-24805/3

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचें"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइए"

बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

खरोरा। बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई है विशिष्ट हिंदी के साथ पहले पेपर आज सोमवार से शुरू हो गई है द्य भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में आज से हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रारंभ हुआ। इस केंद्र में 8 विद्यालय के छात्र छात्रा सम्मिलित हो रहे है। केंद्राध्यक्ष रजनी मिंज ने बताया कि हायर सेकंडरी परीक्षा में 228 छात्र असौन्दा, मोहरेंगा, पचरी,सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा, स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा,माँ शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा के विद्यार्थी सम्मिलित है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड रायपुर

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत राज्य मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN-U4018T2003SGC051822
कार्यालय- कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण) रायपुर
न्यु पुरैना बस्ती रोड, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरैना के बाजू
दूरभाष : 0771-2574766 Email-eecityysouth.raipur@cspc.co.in

क्रमांक/051-56/सामान्य/4766 रायपुर, दिनांक 02.03.2020

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर संभाग (दक्षिण) छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., रायपुर के अंतर्गत निम्नांकित 33/11 के.व्ही. लाईनों का संधारण/ रखरखाव से संबंधित कार्य किया जाना है। जिसके कारण कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। अतः दर्शाई गई तिथि के सम्मुख दर्शाए गए क्षेत्र में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में वृद्धि की जा सकती है।

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1.	04.03.2020 दिन बुधवार	11 के.व्ही लोट्स टॉवर फीडर	लोट्स टॉवर, बी.एस.यू.पी. आवासीय कालोनी एवं आसपास का क्षेत्र।
2.		11 के.व्ही. गोदरीवाला फीडर	के.पी.एस. रोड, बाबा गेलाराम नगर, जय अम्बे हास्पिटल, रियो माल, एम.एम. रियल स्टेट, महाराजा प्लाजा, प्रोग्रेसिव पांईट फ्रुट मार्केट आदिनाथ सिविल लाईजेशन, अलोकिक धाम के आसपास का क्षेत्र एवं काली नगर के आसपास का क्षेत्र।
3.		11 के.व्ही ढेबर सिटी फीडर	ढेबर सिटी भाटागांव एवं आसपास का क्षेत्र।
4.	07.03.2020 दिन शनिवार	11 के.व्ही श्रद्धा विहार फीडर	श्रद्धा विहार कॉलोनी, बोरिया नवरंग चौक, भावनी नगर, झण्डा चौक, अटल चौक गोदावरी नगर, कर्मा विहार के आसपास का क्षेत्र।
5.		11 के.व्ही सिमरन सिटी फीडर	सिमरन सिटी फेस-5, रावतपुरा फेस-2, वृन्दावन कॉलोनी, बी.एस.यू.पी. काठाडीह, आनंद विहार, दाऊबाड़ी, तरूण बाड़ी के आसपास का क्षेत्र

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा की बचत करें।

कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण)
छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि., रायपुर

सं.-24802/3

न्यायालय तहसीलदार मैनपुर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है की आवेदिका श्रीमती भान देवी पति ललित राम जाति कलार निवासी ग्राम छैलडोंगरी प.ह.न. 28 र.नि. में अमलीपदर तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ में स्थित कृषि ख.न. 435 रकबा 0.8 है भूमि पर हेरिटरी पेट्रोल पंप स्थापित करने हेतु पेट्रोलियम नियम 2002 के तहत 144 के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया है अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने में अगर किसी को भी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.03.2020 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकार व्यक्ति के माध्यम से लिखित प्रस्तुत कर सकते हैं नियम अवधि उपरांत प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा आज दिनांक 27.02.2020 को मेरा स्वयं का हस्ताक्षर एवं न्यायालय में सील मोहर के साथ जारी किया जाएगा।

सील
तहसीलदार
मैनपुर,
जिला गरियाबंद (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./93/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाहिदा सिद्धीकी पिता एजाज अहमद निवासी ग्राम सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम महुदा तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 204/10 का भाग रकबा 2800 वर्ग. भूमि को विक्रेता भुवन लाल पिता बंठू निवासी ग्राम महुदा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.09.2016 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 05.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 06.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित ईडब्ल्यूएस भवन योजना के अंतर्गत भूखण्डों में से भूखण्ड क्रमांक ईडब्ल्यूएस-1054 में श्रीमती शैली कंसल पति श्री नीरज कंसल को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 13.1.2009 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 24.1.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती खुशबू कुमारी पति श्री विकास कुमार सिंह के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 517/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/सी-6 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती इन्द्रा मुखर्जी पति स्व. श्यामल कृष्ण मुखर्जी के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री महेश आशरा 2. श्री सुरेश आशरा 3. श्री भरत आशरा 4, श्री परेश आशरा 5. श्री सुभाष आशरा सभी पिता स्व. मूलजी भाई आशरा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 532/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/35/बी-1247 पंजाबी कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सतीश जग्गी बेवा मदनलाल, श्री तरूण जग्गी वल्द स्व. मदनलाल जग्गी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री तरूण जग्गी पिता स्व. मदनलाल जग्गी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 522/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/409 पु. 278 पुलिस लाईन रोड पर जो कि निगम अभिलेख में कर्नल तारणीचरण तिवारी s/o श्री शंकर प्रसाद तिवारी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती नीलिमा शुक्ला पति स्व. श्री तारिणीचरण तिवारी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 533/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/1230/1231 पंजाबी कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती 1. मानमति देवांगन 2. मंजु देवांगन पति निरंजन प्रसाद देवांगन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती बिन्दा देवांगन पति स्व. रामसिंग देवांगन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 520/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/फ्लैट क्र. 104 एकता इनक्लेव जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती चंदाबाई जैन पति श्री आर.के. जैन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती भावना मिश्रा पति प्रदीप मिश्रा पिता आर.के. जैन (ललवानी) ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ सकती है रानी मुखर्जी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म सूर्यवंशी में पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों अक्षय कुमार और कैटरीना कैफको लेकर सूर्यवंशी बना रहे हैं। फिल्म में अजय देवगन और रणवीर सिंह की कैमियो भूमिका है। रोहित शेट्टी ,अजय देवगन, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार के साथ मेगा क्लाइमैक्स तैयार कर रहे हैं। चर्चा है कि रानी मुखर्जी भी इस फिल्म के क्लाइमैक्स में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि रोहित शेट्टी अपनी इस फिल्म के क्लाइमैक्स के लिए एक स्ट्रॉन्ग महिला पुलिस को भी चाहते थे। अभी तक हालांकि ये आधिकारिक तौर पर पक्का नहीं हुआ है लेकिन माना जा रहा है कि फिल्म के विलेन के साथ अक्षय, अजय और रणवीर के अलावा रानी मुखर्जी भी अपने अंदाज में भिड़ते हुए नजर आएंगी। रानी इससे पहले फिल्म मर्दानी 2 में फीमेल कॉप का किरदार निभा चुकी हैं। इससे पहले इस फिल्म के पहले पार्ट में भी उन्होंने पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया था।

अक्षय की सूर्यवंशी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'सूर्यवंशी' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सूर्यवंशी में अक्षय कुमार और कैटरीना कैफने मुख्य भूमिका निभायी है। अजय देवगन और रणवीर सिंह इस फिल्म में कैमियो भूमिका में नजर आयेंगे। फिल्म सूर्यवंशी का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

किशोर कुमार की बायोपिक में काम करने इच्छुक आयुष्मान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना दिवंगत पार्श्वगायक-अभिनेता किशोर कुमार की बायोपिक में काम करना चाहते हैं। आयुष्मान खुराना ने अपने करियर के दौरान अलग-अलग जोनर में अपने किरदारों से दर्शकों को आकर्षित किया है। वह कोई भी किरदार निभाने से हिचकते नहीं है। उनका कहना है कि वे हमेशा चुनौती पूर्ण काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,किशोर दा मेरे पसंदीदा गायक हैं और जिंदगी में कभी मौका मिला तो उनकी बायोपिक करना चाहेंगे। उनके गाने सुनकर बड़ा हुआ है और कई गाने आज की जुबानी याद हैं। पिछले दिनों आयुष्मान की 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' रिलीज हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स के साथ दर्शकों का भी भरपूर साथ मिल रहा है। हाल ही में महान गायिका लता मगेशकर ने पिछले दिनों एक ट्वीट करते हुए आयुष्मान खुराना की जमकर तारीफ की। उन्होंने आयुष्मान की फिल्म 'अंधाधुन' में उनके अभिनय और गाने की सराहना की। गायिका ने लिखा,÷'आयुष्मान जी नमस्कार। मैंने आपकी फिल्म 'अंधाधुन' देखी। आपने बहुत अच्छा काम किया है और जो गाने आपने गाए हैं, वो भी मुझे बहुत अच्छे लगे। इसके बाद खुराना ने भी उन्हें जवाब देते हुए प्रोत्साहन के लिए शुक्रिया कहा।



किन्नरों के लिए घर बनवा रहे अक्षय

मुंबई (वार्ता)। अक्षय कुमार किन्नरों के लिये घर बनवा रहे हैं और इसके लिये उन्होंने डेढ़ करोड़ रूपये दान दिये हैं। अक्षय अपनी फिल्मों के साथ ही साथ अपनी चैरिटी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। उन्होंने अपने करियर में कई मौकों पर देश के लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है। वह एक बार फिर अपनी चैरिटी को लेकर चर्चा में हैं। अपनी ट्रांसजेंडर फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब को लेकर सुर्खियों में चल रहे अक्षय ने इस समुदाय के लिए डेढ़ करोड़ रुपए दान दिए हैं। राइटर डायरेक्टर राघव लॉरेन्स ने अपने फेसबुक पोस्ट में अक्षय कुमार की गले में माला पहने हुए एक तस्वीर शेयर की और हाय दोस्तों, मैं आप सबके साथ एक गुड न्यूज शेयर करना चाहता हूं। अक्षय कुमार ट्रांसजेंडर लोगों के घरों के लिए डेढ़ करोड़ रुपए डोनेट कर रहे हैं। जैसा कि सब जानते हैं लॉरेन्स चैरिटेबल ट्रस्ट एजुकेशन, बच्चों के लिए घर और दिव्यांग डांसर्स के लिए काम करता है। हम अब इस संस्था के 15वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। हम इस साल को विशेष तरीके से मनाना चाहते थे, यही कारण है कि हम किन्नर समुदाय के लिए काम करना चाहते थे और उनके लिए घरों का इंतजाम करना चाहते थे। हमारे ट्रस्ट ने इसके लिए जमीन का इंतजाम भी कर लिया था और हम इस बिल्डिंग के लिए पैसा जुटा रहे थे।

लॉरेन्स चैरिटेबल ट्रस्ट एजुकेशन, बच्चों के लिए घर और दिव्यांग डांसर्स के लिए काम करता है। हम अब इस संस्था के 15वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। हम इस साल को विशेष तरीके से मनाना चाहते थे, यही कारण है कि हम किन्नर समुदाय के लिए काम करना चाहते थे और उनके लिए घरों का इंतजाम करना चाहते थे। हमारे ट्रस्ट ने इसके लिए जमीन का इंतजाम भी कर लिया था और हम इस बिल्डिंग के लिए पैसा जुटा रहे थे। उन्होंने आगे लिखा फ्तो लक्ष्मी बॉम्ब की शूटिंग के दौरान मैं अक्षय सर से इस ट्रस्ट के प्रोजेक्ट्स और ट्रांसजेंडर होम्स के बारे में बात कर रहा था। मेरी बात को सुनने के बाद अक्षय सर ने खुद ही ट्रांसजेंडर्स के लिए घर बनाने वाले प्रोजेक्ट को लेकर डेढ़ करोड़ रुपए दान कर दिए।फ्र जो भी मदद करता है, मेरे लिए वो भगवान होता है तो अक्षय कुमार अब हमारे लिए भगवान हैं। मैं उन्हें इस प्रोजेक्ट में मदद करने के लिए बहुत धन्यवाद देता हूं। हमारा मकसद अब अक्षय सर की सहायता से किन्नर समुदाय का उत्थान करना है। हम जल्द ही भूमि पूजा तिथि की घोषणा करेंगे। हमें आपके आशीर्वाद की जरुरत है।

भारत की शर्मनाक हार, क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड 7 विकेट से जीता

ढाई दिन में हारी नंबर एक टीम इंडिया

शर्मनाक... दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम भारत को मात्र ढाई दिन के अंदर न्यूजीलैंड के हाथों दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार को सात विकेट की शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके साथ ही भारत का दो टेस्टों की सीरीज में 0-2 से सफाया हो गया।

पहली पारी में विराट 3 और दूसरी पारी में 14 ही रन बना सके

क्राइस्टचर्च (वार्ता)। भारत ने पहला टेस्ट 10 विकेट से गंवाया था जबकि दूसरे टेस्ट में उसे सात विकेट से हार मिली। पहला टेस्ट सवा तीन दिन में समाप्त हुआ था और दूसरा टेस्ट ढाई दिन में ही निपट गया। भारत ने तीसरे दिन सुबह छह विकेट पर 90 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी दूसरी पारी 124 रन पर समाप्त हो गयी। भारत को पहली पारी में सात रन की बढ़त हासिल थी। न्यूजीलैंड को जीत के लिए 132 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 36 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड को इस जीत से 60 अंक और सीरीज में कुल 120 अंक हासिल हुए। न्यूजीलैंड के सात मैचों से 180 अंक हो गए हैं और वह आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि भारत इस हार के बावजूद 360 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। इस हार के साथ भारत का न्यूजीलैंड दौरा निराशाजनक ढंग से समाप्त हो गया।

- भारत को दूसरे टेस्ट मैच में 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा
- भारतीय टीम की बल्लेबाजी सीरीज में रही फ्लॉप, गेंदबाजों ने दिखाया संघर्ष
- हार का कोई बहाना नहीं, हमारे बल्लेबाज असफल रहे-कोहली
- भारत को 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी 0-3 से हार मिली थी
- न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट में सूपड़ा साफ होने पर निराश नजर आए कैप्टन विराट कोहली

न्यूजीलैंड को हरा ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में

ओपनर बेथ मूनी (60) रन की अर्धशतकीय पारी और मेगन शट (28 रन पर तीन विकेट) तथा जॉर्जिया वारेहम (17 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के ग्रुप ए मुकाबले में सोमवार को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

मेलबोर्न (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मूनी के 50 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए जिसकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 151 रन ही बना सकी। वारेहम को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में एलिसे पैरी ने 21, कप्तान मेग लेनिंग ने 21 और एश्ले गार्डनर ने 20 रन बनाए जबकि रचेएल हेन्स 19 रन बनाकर नाबाद रहीं। न्यूजीलैंड की तरफ से एन्ना पिटरसन ने 31 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड की ओर से कैटी मार्टिन ने सर्वाधिक नाबाद 37 रन और मैडी ग्रीन ने 28 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से शट और वारेहम के तीन-तीन विकेट के अलावा जेस जोनासन ने 28 रन देकर एक विकेट लिया।

30वां ओमनाथ सूद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 21 मार्च से

नई दिल्ली (वार्ता)। 30वां अखिल भारतीय ओमनाथ सूद मेंमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 21 मार्च से राष्ट्रीय स्वाभिमान खेल परिसर मैदान, पीतम पुरा पर शुरू होने जा रहा है जिसमें विजेता टीम को 1.25 लाख रुपए और उपविजेता टीम को 75 हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट के महासचिव प्रमोद सूद ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट के सभी मैचों में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार के अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर और मैन ऑफ द टूर्नामेंट खिलाड़ियों को भी आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। प्रमोद सूद ने बताया कि सबसे तेज शतक, तेज अर्धशतक, सर्वाधिक छक्के, सर्वाधिक चौके, हैट्रिक लगाने वाले और बेहतरीन कैच लपकने वाले खिलाड़ियों को भी आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी दो उभरते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। एक-एक पुरस्कार बेस्ट स्पोर्ट्समैन व बेस्ट अनुशासित टीम को भी दिया जाएगा। नॉक आउट आधार पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के सभी मैच 40-40 ओवरों के होंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 18 अप्रैल को खेला जाएगा। जिन टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की है वे हैं: पिछले वर्ष की विजेता हरियाणा क्रिकेट एकेडमी, झज्जर (हरियाणा), उपविजेता सपोर्टिंग क्रिकेट एकेडमी, कोलॉज स्पोर्ट्स क्लब, आदि कई टीमें है।

बेंगलुरू ने एटीके को 1-0 से हराया

मौजूदा विजेता बेंगलुरू एफसी ने रविवार को यहां अपने घर श्री कांतिरवा स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में पूर्व विजेता एटीके को 1-0 से हरा दिया।

बेंगलुरू (वार्ता)। बेंगलुरू एफसी के लिए मैच का एकमात्र गोल देशोर्न ब्राउन ने 31वें मिनट में किया। एटीके ने यहां करीब 20,000 दर्शकों की मौजूदगी में अच्छी शुरुआत की, लेकिन इदु गार्सिया दूसरे मिनट में ही बॉल को ठीक से अपने कब्जे में नहीं ले सके। इसके बाद बेंगलुरू ने सातवें मिनट एक अच्छा मौका बनाया, लेकिन राहुल भेके का हेडर बार के ऊपर से निकल गया।

मेहमान एटीके के पास 17वें मिनट में अपना खाता खोल ही लिया था। रॉय कृष्णा ने डेविड विलियम्स को एक लंबा पास दिया। विलियम्सन इस पास को लेकर बॉक्स के अंदर घुसे और उन्होंने आसानी से इसे नेट में डाल दिया, लेकिन लाइन्समैन ने इसे आफ साइड करार दे दिया और एटीके अपना खाता नहीं खोल पाई। मौजूदा चैंपियन बेंगलुरू ने फिर 23वें मिनट में कार्नर गंवा दिया। मेजबान टीम के पास अगले मिनट में ही एक और मौका आया। कप्तान सुनील छेत्री को बॉक्स के अंदर एक लंबा पास मिला। लेकिन वह इसमें विफल रहे। बेंगलुरू ने इन मौकों से उत्साहित होकर अपना आक्रमण और तेज कर दिया आखिरकार उसे 31वें मिनट में जाकर सफलता भी हाथ लगी। देशोर्न ब्राउन ने शानदार गोल करके मेजबान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। 36वें मिनट में जुआन गोंजालेज को येलो कार्ड दिखाया गया। बेंगलुरू के पास हाफटाइम से पहले अपनी बढ़त को दोगुना करने का मौका था, लेकिन उसके स्कोरर ब्राउन इस बार गोल दागने से चूक गए और उनका शॉट बार के ऊपर से निकल गया। बेंगलुरू ने इसके बाद एक गोल की बढ़त के साथ पहले हाफकी समाप्ति की।

बेंगलुरू दूसरे हाफ में एक बदलाव के साथ उतरी। मेजबान टीम ने 48वें मिनट में एक और मौका बनाया। कप्तान छेत्री ने ब्राउन के क्रॉस पर हेडर के जरिए बॉल को नेट में डालने की कोशिश, लेकिन एटीके के गोलकीपर अरिंदम ने इसे विफल कर दिया।

भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित

जोहानसबर्ग, (वार्ता)। भारत के खिलाफ12 मार्च से शुरु होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए सोमवार को 15 सदस्यीय दक्षिण अफ्रीका टीम घोषित कर दी गयी। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए फॉफ डू प्लेसिस को टीम में शामिल किया गया है। डू प्लेसिस पिछले वर्ष इंग्लैंड में हुए आईसीसी विश्वकप के बाद पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट खेलने उतरेंगे। उन्हें घरेलू जमीन पर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से हुई सीरीज के लिए आराम दिया गया था। डू प्लेसिस ने इस दौरान दक्षिण अफ्रीका टीम की कप्तानी भी छोड़ दी थी जिसके बाद क्विंटन डी कॉक को टीम की कमान सौंपी गयी। उनके अलावा बल्लेबाज वान डेर डुसेन को भी टीम में जगह दी गयी है। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज जॉर्ज लिंडे को भी भारत दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के स्वतंत्र चयनकर्ता लिंडा जोंडी ने कहा, भारत दौरे के लिए हमने जिन खिलाड़ियों का चयन किया है उससे हम सतुष्ट हैं। हमने पिछले साल टी-20 सीरीज के दौरान कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखा और हम चाहते थे कि टीम में जॉर्ज लिंडे को शामिल किया जाए। दक्षिण अफ्रीका को भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। तीन मैचों का पहला मुकाबला 12 मार्च को धर्मशाला में होगा।

गंदगी से बेहाल है नालियां, नहीं हुई सफाई

नव प्रदेश संवाददाता

कोई ध्यान नहीं दिया जाता

व्यापारी नरेश आहूजा ने कहा कि नगर पालिका में कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जब चुनाव का समय रहता है तो लोग बड़े-बड़े वादे करते हैं, बाद में सब भूल जाते हैं।

बालोद। नपाध्यक्ष ने नहीं निभाया वादा, गंदगी से बेहाल है नालियां, नहीं हुई सफाई, कुछ दिन पहले अवलोकन करने गए थे। शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक के आसपास नालियों की सफाई अब तक नहीं हो पायी है, इससे व्यापारियों में खासा आक्रोश है। यह आक्रोश इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि कुछ दिन पहले नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने यहां आकर स्थिति का अवलोकन किया था और उन्होंने इस जगह की सफाई करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वह अपने वादे से मुकर गए।

वादा नहीं निभाया गया, जिसके चलते आज भी सफाई के अभाव में नालियां गंदगी से बजबजा रही है। व्यापारियों और आसपास के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा व नगरपालिका प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। व्यापारियों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अगर जब स्वयं अध्यक्ष यहां देख कर गए हैं। उन्हें वास्तविकता पता है इसके बाद भी यहां सफाई नहीं होना, दुर्भाग्य की बात है। नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने जो वादा किया था उसे उन्होंने नहीं निभाया। हम इस उम्मीद में थे कि जल्द से जल्द सफाई हो जाएगी और इस बड़ी समस्या से हमें राहत मिल जाएगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो पाया। दुखद पहलू यह है कि अवलोकन करने के बाद भी नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा इस जगह की अनदेखी करते रहे। घड़ी चौक के इस स्थल की नाली को अनदेखा किया जा रहा है जबकि यह शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है।

व्यापारी के साथ ग्राहक भी परेशान

व्यापारियों ने कहा कि नाली की सफाई नहीं होने से हम तो परेशान रहते हैं आने वाले ग्राहक भी बहुत परेशान रहते हैं दुर्गंध दुकान तक पहुंचती है अब दुकान का दरवाजा तो बंद नहीं रख सकते न हीं यहां खिड़की लगा सकते हैं ना ही ज्यादा देर तक पर्दे। दुकान में ग्राहकी पर असर पड़ने लगा है ऐसे में नगर पालिका से ही उम्मीद लगाए बैठे थे कि नालियों की सफाई कर व्यवस्था सुधारी जाएगी, लेकिन यहां व्यवस्था चौपट पड़ी हुई है।

पनप रहे हैं मच्छर और मक्खियां, पता नहीं क्या होगा

व्यापारियों ने कहा कि सफाई नहीं होने से नालियां बजबजा रही है गंदगी इस कदर बढ़ गई है कि यहां देखते-देखते मच्छर मक्खी और अन्य कीड़े मकोड़े पनपने लगे हैं जिससे यहां पर हमें दुकानदारी करना भी मुश्किल होता जा रहा है। सांस लेने में भी तकलीफहोती है नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा की इस अनदेखी और उदासीनता को देखकर अब सोच में पड़ गए हैं कि आगे क्या होने वाला है। नालियां क्या इसी तरह दुर्गंध से बेहाल रहेगी, क्या इसी तरह गंदगी से पटी रहेगी या फिर कभी इन नालियों की सुध ली जाएगी।

ये कहना है घड़ी चौक के व्यापारियों का

व्यापारी ललित जैन ने कहा सफाई तो होनी चाहिए यह शहर का प्रमुख स्थल है। आसपास बहुत दुकानें हैं, लेकिन नगरपालिका इसकी अनदेखी करती है, सफाई तो होनी चाहिए।

बीमारी बढ़ने का अंदेशा

व्यापारी अंकुश नाहटा ने कहा कि गंदगी के बीच बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है। बीमारी बढ़ने का अंदेशा है। ग्राहक भी इससे परेशान रहते हैं करे तो क्या करें, कुछ समझ में नहीं आता।

नालियों की नहीं लेते सुध

व्यापारी बंशी साहू ने कहा कि नगर पालिका व्यापारिक प्रतिष्ठान क्षेत्र के नालियो की कोई सुध नहीं लेती दिखावे के नाम पर अन्य इलाकों में सफाई का दावा किया जाता है लेकिन इस प्रमुख घड़ी चौक के नालियों को नजर अंदाज किया जाता है।

डीडीटी छिड़काव तक नहीं होता

व्यापारी विनोद शर्मा ने कहा कि गंदी नालियों में डीडीटी का छिड़काव तक कभी नहीं हुआ। सफाई तो बहुत दूर की बात है। इस दुर्गंध से हलकान रहते हैं आखिर स्वच्छ शहर का सपना कैसे पूरा होगा।

डौंडी के मनरेगा शाखा के इंजिनीयर की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत

डौण्डी। ब्लॉक मुख्यालय जनपद डौंडी में मनरेगा शाखा की इंजीनियर कु.रीना केराम उम्र 26 वर्ष की मौत हो गयी , दल्ली राजहरा से आमाबेड़ा केम्प में सब्जी छोड़ने जा रही पिकअप से स्कूटी सवार इंजीनियर युवती रीना केराम डौण्डी के मथाई चौक के पास टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, डौंडी से भानुप्रतापुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बिना नंबर के पिकअप ने बंधिया टोला के पास डौंडी जनपद में अपने ड्यूटी पर जा रही स्कूटी सवार रीना केराम को अपनी चपेट में ले लिया। डौंडी जनपद की मनरेगा शाखा में इंजीनियर के पद पर कार्यरत रीना केराम को दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट पहुंची। आसपास के लोगों ने 108 की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. डौंडी पुलिस ने मामले के आरोपी पिकअप ड्राइवर को पकड़ लिया है, वहीं मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई में जुट गई है. पकड़े गये ड्राइवर ने बताया की दल्लीराजहरा से सब्जी लेकर आमाबेडा केम्प जा रहे थे स्कूटी की रफ्तार ज्यादा थी वो आकर गाडी से टकरा गयी।

सूने मकान से नगदी-जेवरात पार

धमतरी। विगत कुछ दिनों से चोरी का मामला शांत रहने के बाद फिर से चो सक्रिय हुए। सुने मकान पाकर चोरों ने नगदी तथा जेवरात पर हाथ साफ कर दियें जिले के भखारा थाना अंतर्गत रामपुर गांव के एक सुने मकान का ताला तोड़कर कर नगदी रकम सहित सोने चांदी के गहने चोरी करने का मामला सामने आया पीडिता ने इसकी शिकायत भखारा थाना में दर्ज कराई है वही पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है रामपुर निवासी नेकराम साहू ने बताया कि 1 मार्च रविवार को वह घर के अंदर वाले कमरे में ताला और बाहर का संकल लगाकर लाखड़ी लाने खेत गया था वही दोपहर में जब घर आया तो कमरा में लगा ताला और अलमारी का ताला टूटा हुआ था जिसमे रखें 12 हजार नगदी और सोने चांदी के गहने गायब थे वही इसकी सूचना नेकराम से सरपंच और ग्राम कोटवार को दिया जिसके बाद भखारा थाना पहुँचकर घर मे चोरी होने की सूचना पुलिस को दी फिलहाल भखारा पुलिस मामला दर्जकर अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है

हाईटेंशन तार के संपर्क में आया युवक, मौत

धमतरी। देमार फर्नीचर दुकान के संचालक द्वारा अपने दुकान में काम करते वक्त हाईटेंशन तार के संपर्क में आने के कारण झुलस गया था। जिसे अस्पताल ले जाते वक्त मृत घोषित किया गया। अर्जुनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देमार ने कलाफत्त पुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले युवक भारत फर्नीचर मार्ट में काम करते थे जो कल काम करते वक्त निजी सामान को उठाते समय अचानक हाईटेंशन तार से टकरा गई जिससे घायल युवक सूरज कुमार करंट के चपेट में आ गया जिसे धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल में लाया गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई सोमवार को पीएम कर उनके परिजन को सौंपने के लिए स्वर्ग धाम सेवा समिति के सहयोग से परिजनों तक पहुंचाया गया।

युवा यादव महासभा की बैठक संपन्न

भाटापारा। अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा की बैठक सामुदायिक भवन आई पी धुरंधर वार्ड मे रखा गया था जिसमे अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश यादव जी द्वारा बैठक की गयी इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज के सभी लोगो को शिक्षित करना है जिससे वो समाज के विकास और उन्नति मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही समाज को नयी दिशा देकर जागरूक करता है जागरूक व्यक्ति ही समाज का सम्पूर्ण विकास कर सकता है साथ ही 21, 22 मार्च को विदिशा जाने का आग्रह किया गया इस बैठक मे श्री मिथलेश यादव ने युवाओं को एक होकर एक मजबूत संगठन बनाने का आव्हान किया और भारतीय सेना मे अहीर रेजिमेंट के गठन के पर जोर देने की बात कही।

परीक्षा के चलते ध्वनि विस्तारक यन्त्र प्रतिबंधित

भाटापारा। स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाओं की तैयारी हेतु बच्चों को शांत वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिले में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 प्रभावशील कर दी गई है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी कार्यक्रम अथवा समारोह में बगैर कार्यपालिक दण्डाधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

न्यूज गैलरी

जनचौपाल में अपर कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएँ

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचैपाल कार्यक्रम में पहुँचे जिले के आमजनों की माँगों एवं समस्याओं को अपर कलेक्टर श्री ए.के.बाजपेयी ने एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनचैपाल कार्यक्रम में ग्राम अंगारी की राजेश्वरी ने गरीबी रेखा श्रेणी का राशन कार्ड बनाने, ग्राम बोरतरा के जीवन लाल ने नाली निर्माण कराने, ग्राम जाबुड़वाही की पुष्पा बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कसौन्दा के नोहरू राम ने कृषि भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम परसुली की सुखमा बाई ने गरीबी रेखा श्रेणी का राशन कार्ड बनाने, ग्राम निपानी के चंद्रिका लाल ने रिकार्ड दुरूस्त कराने, ग्राम कोड़ेकसा के कार्तिक राम ने निराश्रित पेंशन दिलाने, ग्राम रीवागहन के चैतराम ने खाता विभाजन कराने और ग्राम सलोनी की बुधवन्तीन बाई ने विधवा पेंशन दिलाने संबंधी आवेदन अपर कलेक्टर को सौंपे।

अमेठी से 15 वर्षों बाद सरपंच निर्वाचित

छुरा। ग्राम पंचायत अमेठी के नवनिर्वाचित सरपंच श्री देव कुमार कंवर पदभार ग्रहण करेंगे। ग्राम पंचायत अमेठी होते हुए भी 15 वर्षों से आश्रित ग्राम वन लोहझर से ही सरपंच निर्वाचित होते आ रहे हैं । इस परंपरा को तोड़कर श्री देव कुमार कंवर जी ग्राम पंचायत अमेठी से सरपंच चुने गये है एवं भूषण लाल कंवर निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुए हैं । ग्राम प्रमुख चमन दीवान, गोवर्धन पटेल, लेख राम दीवान एवं पंचगन श्रीमती बिंदा बाई, श्रीमती कृष्णा बाई, हेम कुमार,श्रीमती भुनेश्वरी बाई, श्रीमती फुल कुंवर, श्रीमती रतीनी बाई, संतराम,श्रीमती हिराबाई, कोमल राम पदभार ग्रहण में उपस्थित रहेंगे ।

एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

छुरा। आई एस बी एम विश्वविद्यालय छुरा, गरियाबंद मे कला एवं मानविकी संकाय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी का विषय Tribe In Transition संगोष्ठी के दो सत्रों में जनजातियों के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक आदि सभी पक्षों पर चर्चा हुई ।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.गिरिशकांत पांडे, कुलसचिव पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय थे।राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के लिए आए सभी शोध पत्रों की एक शोध संक्षेपिका का विमोचन किया।।प्रथमतकनीकी सत्र के अध्यक्ष डॉ.आर.के.पुरोहित, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर प्राचार्य उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा विषय विशेषज्ञ के रुप में डॉ.एम.एस. मिश्रा,विभागाध्यक्ष कला संकाय कलिंग विश्वविद्यालय रायपुर ने अपने विचार साझा किया।

12वीं परीक्षा आज से हुई शुरू

धमतरी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2020 आज से जिले में शुरू हो गई है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका फोन नंबर 07722.232390 है। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में 77 परीक्षा केन्द्रों में यह परीक्षा संचालित की जा रही है। आज हायर सेकेण्डरी की प्रथम भाषा हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल दर्ज 9710 में से 9627 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 83 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें धमतरी विकासखण्ड में दर्ज 3509 में से 3473 परीक्षार्थी उपस्थित और 36 अनुपस्थित रहे। इसी तरह कुरूद विकासखण्ड में दर्ज 2867 में से 2848 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मगरलोड विकासखण्ड में 1700 में से 1689 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित तथा नगरी विकासखण्ड में 1634 परीक्षार्थियों में से 1617 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

प्रदेश में आईटी तथा ईडी के छापे के बाद एनएसयूआई ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का फूंका पुतला

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। प्रदेश में अकाशमिक आयकर तथा ईडी के छापे के बाद प्रदेश में सियाशत गरमा गई है। मुख्यमंत्री द्वारा छापे को असंवैधानिक बताते हुए केन्द्र सरकार पर तंज करसे हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया था। वही कांग्रेस के समस्त शखाओं द्वारा इस छापे का पुरजोर विरोध करते हुए एन.एस.यू.आई. द्वारा आज धमतरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृहमंत्री अमीत शाह का पुतला जलाकर छापे का विरोध किया गया था। प्रदेश में आयकर छापेमारी को लेकर विरोध प्रदर्शन की शुरुवात को गई है। एनएसयूआई ने केंद्र सरकार के खिलाफप्रदर्शन कर पीएम और गृहमंत्री का पुतला फूंका इस दौरान पुलिस से हल्की झूमाझटकी भी हुई। सोमवार को जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। एनएसयूआई का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत दर्ज के बाद केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की छवि खराब करने के मकसद से लगातार बेबुनियाद तरीकों से मोदी सरकार के आदेश पर आईटी के अफसरों द्वारा छापेमारी की जा रही है और दहशत का माहौल बनाया जा रहा है जिसके विरोध में एनएसयूआई ने पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। गौशाला मैदान में पुतला दहन के दौरान पुलिस से हल्की झूमाझटकी भी हुई।

चोरी करने वाली महिला निकली पड़ोसी

धमतरी। घर से जेवर व नगदी पर हाथ साफ करने वाली महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 18 फरवरी को अर्जुनी थाना क्षेत्र निवासी महिला रामबती साहू के घर चोरी हुई थी। 25 फरवरी को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। महिला ने बताया कि उसके घर से किसी अज्ञात ने सोने चांदी के जेवर और नगदी समेत 70 हजार का समान पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस हरकत में आई और अज्ञात पर धारा 454 -380 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। तब महिला के घर से पड़ोस में रहने वाली महिला राजकुमारी पति डोमन साहू वर्ष ने हाथ साफकिया है जो उसके घर अक्सर बैठने भी आती थी। पूछताछ में महिला ने जुर्म कुबूल भी कर लिया।

संगठन से होता है समाज का विकास एवं पहचान : रंजना साहू

धमतरी। डोमा झिरिया धोबी समाज परिक्षेत्र डोमा का वार्षिक सम्मलेन ग्राम तरसींवा में रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू अध्यक्षता दमयन्तीन साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत तरसींवा अजब नेताम उपसरपंच तरसींवा अर्जुनपुरी गोश्वामी भुनेश्वर सिन्हा पूर्व सरपंच परमेश्वरि गिरी ग्राम पटेल घंश्याम दास प्रेम प्रकाश साहू उपस्थित थेद्य मुख्य अथिति श्रीमती साहू ने अपने सम्बोधन में कहा की किसी भी समाज की पहचान एवं विकास उसके संगठन पर निर्भर करती है झिरिया धोबी समाज की संगठन काफी मजबूत है आज झिरिया धोबी समाज हर क्षेत्र आगे बढ़ रहा है निश्चित रूप से इसका कारण इस समाज की संगठन क्षमता है मैं सभी समाज जनों को आज के सम्मेलन की बधाई देती हूँ अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य ने अपने सम्बोधन में कहा की महिलाओ की इस सम्मलेन में उपस्थिति समाज की जागरूकता की पहचान है जंहा पुरुषो के साथ महिलाये भी समाज में अपनी भागीदारी निभा रही है कार्यक्रम को सरपंच एवं उपसरपंच ने सम्भोधित किया ।

आयुक्त और महापौर के बीच हुई रस्साकसी

धमतरी। रविवार की सुबह मकई गार्डन में होने वाले सेहतमंदी कार्यक्रम में शहर वासियों ने अलग.अलग खेलों का आनंद लेते हुए जुंबा में थिरकते नजर आए । रस्सी खींच में आयुक्त ने महापौर को टक्कर दी जिसका बदला महापौर ने प्लेइंग में लिया दोनों में कड़ी टक्कर रही ।मोहल्ले के बच्चों ने रिंग से फंसाने वाले में चॉकलेट बिस्किट लेकर आनंद उठाया। नगर निगम धमतरी द्वारा रविवार की सुबह सेहतमंद इस कार्यक्रम का आयोजन मकई गार्डन में किया गया। जहां पर निगम के द्वारा अलग.अलग खेल आयोजित किए गए ।कोई बैडमिंटन खेल कर तो कोई पितुल में निशाना लगाकर अपना मनोरंजन कर रहे थे ।रस्सा खींच में भी जोर आजमाइश हुई ।महापौर वर्सेस आयुक्त के रस्साकशी में आयुक्त की ओर निगम निगम की टीम थी वही महापौर के तरफशहरवासी थे लेकिन आयुक्त आशीष टिकरिहा ने दम लगा कर अपनी ओर खींच लिया । गेड़ी में भी लोगों ने जोर आजमाइश की और चलने का प्रयास किया ।वही मोहल्ले के छोटे.छोटे बच्चों के लिए रिंग से चॉकलेट बिस्किट फंसाने का खेल भी रखा गया था जिसका वह मजा लेते हुए दिखाई दिए। पूरी तरह से यह कार्यक्रम एक आनंददायक था और लोगों ने इसका भरपूर मजा भी लिया फिटलाइफजिम द्वारा जुंबा रखा गया था जिसमें प्रशिक्षक लकी रजक ने अलग.अलग स्टेप में लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया ।

कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नहर पार में बने छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्यअतिथि शिवरतन शर्मा विधायक भाटापारा के करकमलों से सम्पन्न हुआ..विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा समाज मे चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया. समाज के लोगो को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने सभी को संगठित व एकता के सूत्र में रहने व समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की बात कही,शर्मा ने कहा समाज मे शिक्षा को केवल नोकरी प्राप्ति के सोच में ना रख कर स्वयं के व्यवसाय में भी ध्यान केंद्रित करे..कार्यक्रम को समाज के अन्य प्रमुख लोगो ने भी अपने विचार व्यक्त किये,जिसमे प्रमुख रूप से तीनों राज के राजप्रधान भी शामिल हुए.. उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा,गणेश राम वर्मा,मोती लाल वर्मा,राज कुमार वर्मा,पुरनलाल वर्मा, लष्मी प्रशाद वर्मा, देवचरन वर्मा, पुनीत वर्मा, खुमान वर्मा, पवन वर्मा, सुरेस वर्मा, रामचंद्र वर्मा,बिहारी वर्मा,महेश वर्मा, पिलाराम वर्मा,सतीश वर्मा, मुकेश वर्मा, राजेश वर्मा, बुधराम वर्मा, संजू वर्मा, दिनेस वर्मा, मनोज वर्मा, दीपक वर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा जनपद उपाध्यक्ष चुने गए

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा जनपद उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रथम बार अपने जनपद क्षेत्र में बड़ी तादाद पर महिलाओं के साथ विशाल विजय जुलूस आभार रैली निकाला लोगों ने जगह-जगह फूल माला बाजे गाजे के साथ स्वागत किया उल्लेखनीय हो कि ब्लॉक के नदी पार 36 गांव को बीजेपी का गढ़ माना जाता है लगातार विधानसभा लोकसभा मैं कांग्रेश शिकस्त खाती रही लेकिन सुखचंद बेसरा कुमडईखुर्द, डूमरबहाल, कुमडईकला, जनपद क्षेत्र में अपनी तीन प्रतिद्वंदीयों को पछाडते हुए जीत हासिल किया मतलब अब कांग्रेश जमीनीस्तर पर मजबूत होते नजर आ रही है क्षेत्र में पहली बार दूसरे जनपद क्षेत्र से चुनाव लड़कर कांग्रेश ने अपनी जीत दर्ज कराया और बकायदा सर्व सम्मति से उपाध्यक्ष भी चुने गए बेसरा ने अपने जनपद क्षेत्र में रैली निकालकर जनता का आभार व्यक्त करते हुए हर छोटी बड़ी समस्या को प्रमुखता से निपटारा करने की बात कही

जलेश्वर महादेव में पिछले 4 दिन से पुन्यवर्धन महोत्सव का हो रहा आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

बालोद। जलेश्वर महादेव में पिछले 4 दिनों से पुन्यवर्धन महोत्सव का आयोजन किया गया।इसके तहत सोमवार को चौथे व् अंतिम दिन दशोदी तालाब में कोलकाता नव पंडितो द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ हवन पूजन कर पूर्णहीति दी गई।इस दौरान जलेश्वर महादेव के प्रमुख यज्ञदत्त शर्मा व् उनकी पत्नी श्रीमती रजना शर्मा यज्ञ में हवन पूजन कर पूर्णाहुति देकर क्षेत्र की जनता के लिए अमन चैन व् सुख सम्रद्धि की कामना की।वही श्रीपूर्णयवर्धन उत्सव मंत्र अर्पण महोत्सव के अवसर पर सोमवार को पूजा अर्चना व् मंत्रो उच्चारण के साथ विशाल शिव लीग पर मनोरथ भोग लगाया ।शब्द नही अनुभव कक्ष में साल भर से ओम नमा शिवाय मंत्र लेखन करने वाले परिवार के परिजनों को माँ जी फाउंडेशन द्वारा गुलाब का फूल ,थाल में प्रसाद व् बोतल में महाभिषेक जल का वितरण किया गया ।

मंत्र लेखन पुस्तिका शिव कुण्ड में अर्पित : जलेश्वर महादेव में सुबह हवन पूजन कर पूर्णाहुति सम्पन होने के बाद जलेश्वर महादेव में लिखे गए 3 करोड़ से अधिक ओम नमा शिवाय का अर्पण शिव कुण्ड में किया गया। हवन पूजन के बाद शिव की महाआरती की गई जिसके बाद दशोदी तलाब के चारो ओर खड़े होकर महिलाए ,पुरष व् बच्चों द्वारा शिव के जलधरि में अर्पण किए गए मंत्रो को रस्सी से स्पर्स कर धीरे धीरे शिव कुण्ड के जल में अर्पण किया गया ।इस दौरान जल में मंत्र समर्पण होते ही भक्तो ने जलेश्वर महादेव व् हर हर महादेव के जयधोष किया जिससे पूरा दशोदी परिसर शिव मय हो गया ।भक्तो ने साल भर से श्रध्दा और लगन के साथ ओम नमः शिवाय का लेखन कर सोमवार को शिव को समर्पित किया जिससे कुछ देर के लिए भक्त भावुक हो गए थे।।

फिर से मंत्र लेखन शुरू : जलेश्वर महादेव में पिछले 8 वर्षो से निरंतर ओम नमः शिवाय मंत्र लेखन का कार्य किया जा रहा हैं वहीँ भक्त की अपार श्रद्धा उमंग के चलते आने वाले वर्ष 2021 के लिए ओम नमा शिवाय मंत्र लेखन का कार्य भी प्रारभ हो चूका हैं ।

आजीवन चलेगा मंत्र लेखन : जलेश्वर महादेव के प्रमुख यज्ञदत्त शर्मा ने बताया की समापन के बाद भी ओम नमा शिवाय मंत्र लेखन आजीवन चलेगा,भक्तो के लिए शब्द नही अनुभव मंत्र लेखन कक्ष हमेशा खुला रहेगा।वहीँ नववें अभिषेक शब्द नही अनुभव कक्ष में महिला व् पुरुष दो अलग अलग कक्षो में बैठकर ओम नमा शिवाय लेखन का कार्य कर रहे हैं ।मंत्र लेखन कार्य में शामिल होने वाले भक्तो के लिए माँ जी फाउंडेशन द्वारा कापिया व् पेन निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। के लिए शुभारभ भी हो चूका हैं ।आठवे चरण में 3 करोड़ से अधिक मंत्र हो गए थे जिसे शिव लीग के कुण्ड में अर्पित किया जा चूका हैं।इसी मंत्रो से समाहित हुए जल को भक्तो को बोतल में भरकर वितरण किया गया हैं ।समिति के अध्यक्ष विनोद कौशिक ने बताया की समारोह में भक्तो ने पुरे उत्साह और लगन से ओम नमा शिवाय मंत्र लेखन किया हैं ।इसके बाद श्रद्धा भाव से महादेव को मंत्र अर्पित किया गया हैं, अम्बाभाई पटेल ने कहा की ओम नमा शिवाय लिखने से शांति मिलती हैं ।

■ न्यूज गैलरी

यूरेका फोर्ब्स ने लांच किया हेल्थ एयरकंडीशनर

नई दिल्ली (वार्ता)। एक्वागार्ड वॉटर प्यूरीफायर बनाने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड ने सोमवार को देश के पहले 'हेल्थ कंडीशनर'फोर्ब्स को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह अपनी तरह का पहला फोर्ब्स हेल्थ कंडीशनर नियमित एयर-कंडीशनरों से एक कदम आगे है। उसने कहा कि पेटेंटेड 'एक्टिव शील्ड' तकनीक से लैस है। यह उत्पाद 99 प्रतिशत कीटाणुओं से मुक्त हवा दो घंटे के भीतर देता है। यह हवा की दुर्गंध को भी दूर करता है।

कंपनी के अध्यक्ष विक्रम सुरेंद्रन ने कहा कि हेल्थ कंडीशनर अब पूरे साल महसूस होने वाली आवश्यकता बन गए हैं। आज, उपभोक्ता ऐसे इनोवेशन और उन्?नत तकनीकों की तलाश में हैं जो अच्छे स्वास्थ्य और सेहत को सक्षम बनाते हैं। इस बढ़ती चेतना के जवाब में, फोर्ब्स को पेश किया गया था।

टीटीके प्रेस्टीज ने लॉंच किया 'ग्रेन ग्राइंडर'

नई दिल्ली (वार्ता)। रसोई के लिए उपयोग उत्पाद बनाने वाली कंपनी टीटीके प्रेस्टीज ने घर पर ताजा आटा तैयार करने वाला 'ग्रेन ग्राइंडर' आटा चक्की लॉंच किया है जिसकी कीमत 9995 रुपये है। कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह मशीन गेहूँ, जई, चावल, मक्का, मसूर, ज्वार, राई और कई चीजें पीसने में सक्षम है। इसमें कई अनाजों के मिश्रण का आटा भी बनाया जा सकता है। उसने कहा कि 180 वॉट की मोटर के साथ ग्राइंडर उपयोग करने में आसान है और प्रति घंटे 3 से 5 किलोग्राम आटा तैयार कर सकता है। महीन से लनेकर मोटे तक पिसाई की सुविधा है। कंपनी इस पर दो साल की वारंटी दे रही है और यह अब उत्तर भारत के प्रमुख आउटलेट और प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव स्टोरों में उपलब्ध है।

दिल्ली आहार मेले में आइस मेक की प्रदर्शनी

नई दिल्ली (वार्ता)। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में कल से शुरू हो रहे पांच दिवसीय 34वें अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और हॉस्पिटैलिटी शो आहार में आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड (आइस मेक) किसानों, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और संबंधित उद्योग के लिए दही इन्क्यूबेशन, फूड डिहाइड्रेशन, कोल्ड रूम, ब्लास्ट फ्रीजर, चिलिंग और प्रशीतित कंटेनरों जैसे उपकरणों को प्रदर्शित कर रही है। कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि वह आइस मेक कूलिंग समाधान तथा इक्विप्मेंट मैन्युफैक्चरिंग में प्रमुख कंपनी है और उसके पास शीतन समाधानों के उपकरणों की एक पूरी रेंज है जो विशेष रूप से डेयरी, किसानों और खाद्य प्रसंस्करण, वितरण और आपूर्ति श्रृंखला के लिए उपयोगी और लाभकारी है।

ईयरफोन और तेज डीजे से बचाएं कानों को, कम हो सकती है सुनने की क्षमता

रायपुर। विश्व श्रवण दिवस (वर्ल्ड हियरिंग डे-तीन मार्च) पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में पांच दिवसीय कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हुए। इस अवसर पर मरीजों और उनके परिजनों के मध्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। चिकित्सकों ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे आधुनिक जीवन शैली का अभिन्न अंग बन चुके ईयरफोन और डीजे जैसी सुविधाओं से अपने कानों को बचाएं नहीं तो इनका असर सुनने की क्षमता पर पड़ेगा। एम्स रायपुर के निदेशक और ईएनटी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) नितिन एम.नागरकर ने पांच दिवसीय कार्यक्रमों का उद्घाटन करते हुए कहा कि मोबाइल ईयरफोन से फुल वाल्यूम में गाना सुनना श्रवण क्षमता को प्रभावित करता है। इसके अलावा डीजे पर तेज संगीत सुनना भी कानों के पर्दे पर दुष्प्रभाव डालता है। कोशिश की जानी चाहिए कि इनसे स्वयं को बचाया जाए। इसके अलावा कानों में संक्रमण-फंगस, बैक्टीरिया आदि से भी कानों की सुरक्षा करनी चाहिए। थोड़ी सी भी दिक्कत होने पर चिकित्सक का परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने विभाग के चिकित्सकों और छात्रों से इस संबंध में जागरूकता फैलाने को कहा। पांच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को ईएनटी विभाग में बैचलर ऑफ आडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी के छात्रों कार्तिक अग्रवाल, रानी द्विवेदी, कल्याणी पात्रीकर और शिवकांत पटेल ने मरीजों और उनके परिजनों को विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बचने, कान की आनुवांशिक बीमारियों और चोट से श्रवण क्षमता पर पड़ने वाले असर के बारे में जागरूक बनाया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया और पोस्टर के माध्यम से कानों की बीमारियों और बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रमों में जागरूकता कार्यक्रम बाल रोग विभाग और स्त्री रोग विभाग में भी आयोजित किए जाएंगे।

- **विश्व श्रवण दिवस आज, एम्स में शुरू हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम**
- **संक्रमण और सिर में चोट से भी पड़ता है श्रवण क्षमता पर असर**
- **एम्स के ईएनटी विभाग ने शुरू की जागरूकता फैलाने की मुहिम**

लाईव टेलिकास्ट

रायपुर। ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के रायपुर जिले में राखी शाखा में प्रधानमंत्री द्वारा चित्रकुट से किसान सम्मान निधि का सीधा प्रसारण किया गया।

दुर्ग (नव प्रदेश)। ओरियंटल बैंक ऑफकॉमर्स के दुर्ग जिले में उमरपोटी, तर्रा एवं अम्लेश्वर शाखा ने प्रधानमंत्री द्वारा चित्रकूट से किसान सम्मान निधि की सीधा प्रसारण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रमुख श्री जितेन्द्र सिंह स्वाइन के मार्गदर्शन में कराया गया।

गिरावट में शेयर बाजार

पिछले सप्ताह की जबरदस्त गिरावट के कारण तूफानी तेजी के साथ शुरूआत करने वाला घरेलू शेयर बाजार देश में कोरोना वायरस के दो नये मामलों की पुष्टि के बाद दबाव में आ गया और शुरूआती बढ़त को खोकर लगातार सातवें दिन गिरावट में बंद हुआ।

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण शुरूआत में घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी आयी थी और कारोबार के अंतिम सत्र तक यह बढ़त में था लेकिन जैसे ही दिल्ली और तेलंगना में कोरोना वायरस के एक एक पीड़ित पोजिस्टिव पाये जाने की पुष्टि की खबर आयी शेयर बाजार पर दबाव बना और यह धड़ाम कर गया। पूरी तेजी खोकर गिरावट लेकर बंद हुआ।

बीएसई का सेंसेक्स 153.27 अंक टूटकर 38144.02 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 69 अंक गिरकर 11132.75 अंक पर रहा। बीएसई में दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 0.65 प्रतिशत गिरकर 14504.43 अंक पर और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत फिसलकर 13603.96 अंक पर रहा। बीएसई में आईटी 1.06 प्रतिशत और टेक में 0.55 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष सभी समूह गिरावट में रहे। धातु में सबसे अधिक 2.05 प्रतिशत की गिरावट रही।

उड़ान के दौरान कर सकेंगे इंटरनेट का इस्तेमाल

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने विमान में उड़ान के दौरान वाई-फाई के माध्यम से इंटरनेट सेवाओं के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसके लिए एक अधिसूचना जारी कर विमान अधिनियम, 1937 में बदलाव किया है। इसके अनुसार ÷पायलट इन कमांड उड़ान के दौरान वाई-फाई के माध्यम से यात्रियों को इंटरनेट के इस्तेमाल की अनुमति दे सकता है। वाई-फाई का इस्तेमाल करने के दौरान भी यात्री अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, जैसे लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन, स्मार्टवाच, ई-रीडर आदि को फ्लाइट या एरोप्लेन मोड में ही रखेंगे।

मारूति सुजुकी ने लॉन्च की नई स्टाइलिश विटारा ब्रेजा

1.5 लीटर के-सीरीज़ बीएस 6 पेट्रोल इंजन से पावर्ड

नई दिल्ली। मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ने आज नई विटारा ब्रेज़ा की कीमतों का ऐलान किया, जिसका अनावरण ऑटो एक्स्पो 2020 में किया गया था। कॉम्पैक्ट एसयूवी विटारा ब्रेज़ा का नया वर्ज़न अपने स्पोर्टिनेस्सए बोल्ड लुक, मजबूत बॉडी, प्रीमियम इंटीरियर और कई नए फीचर्स के साथ शानदार अनुभव प्रदान करता है। 1.5 लीटर के-सीरीज़ ठ6 इंजन से पावर्ड, विटारा ब्रेज़ा निश्चित रूप से ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। यह कॉम्पैक्ट एसयूवी 5-स्पीड मैनुअल और एडवान्स्ड ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन विद स्मार्ट हाइब्रिड के साथ आती है। नई विटारा ब्रेज़ा के लॉन्च पर श्री केनिची आयुकावा, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ने कहा, ''विटारा ब्रेज़ा पिछले 4 सालों में बेहद पावरफुल ब्राण्ड के रूप में उभरी है। इसकी मजबूत, अरबन एवं प्रीमियम अपील को बनाए रखते हुए नई विटारा ब्रेज़ा को पहले से और भी बोल्ड, स्पोर्टी और अधिक पावरफुल अवतार में पेश किया गया है। हमें विश्वास है कि नई विटारा ब्रेज़ा अपने पूर्ववर्ती मॉडल की सफलता को और बढ़ाएगी और ग्राहक इसे खूब पसंद करेंगे।

फूड न्यूज | आरबीएल बैंक और जोमैटो ने मास्शटरकार्ड के सहयोग से किया लांच

खाने के शौकीनों के लिये 'एडिशन क्रेडिट काड्र्स'

खाने के शौकीनों को ध्यान में रखते हुये आरबीएल बैंक और जोमैटो ने मास्शटरकार्ड के सहयोग से सोमवार को एक्सक्लुसिव 'एडिशन क्रेडिट काड्र्स' लॉन्शच किया।

नई दिल्ली (वार्ता)। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में 'एडिशन क्रेडिट काड्र्स' को लॉन्च करने के बाद आरबीएल के क्रेडिट कार्ड के प्रमुख उत्शकर्ष सक्शसेना ने कहा कि इस काड्र्स से ऑनलाइन फूड डिलीवरी में वृद्धि होगी और कार्डधारक को हर बार जोमैटो का उपयोग करने, ऑनलाइन और ऑफ्लाइन खरीदारी करने पर आकर्षक लाभ मिलेगा । सक्सेना ने कहा कि यह अपनी तरह का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड, दो वेरिएंट्स - एडिशन और एडिशन क्शलासिक में उपलब्शध होगा। इसे आरबीएल बैंक और मास्शटरकार्ड कार्डधारकों तथा जोमैटो यूजर्स को ध्शयान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आरबीएल बैंक के पास वर्तमान में 25 लाख क्रेडिट कार्डधारक हैं, और हम एडिशन काड्र्स की संभावनाओं के बारे में काफी रोमांचित हैं।

वैश्विक भुगतान उद्योग की तकनीकी कंपनी मास्टरकार्ड के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि जीवनशैली और वरीयताओं के विकास के साथ ऑनलाइन खाने के शौकीन भारतीय उपभोक्शताओं की संख्शया लगातार वृद्धि हो रही है। मास्शटरकार्ड को पूरा भरोसा है कि भारत में अपनी तरह का पहला एडिशन कार्ड ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी कारोबार को अगले पाएदान पर लेकर जाएगा और खाने के शौकीनों के लिए एक सच्शची खुशी होगी।

जोमैटो के उपाध्यक्ष प्रद्योत घाटे ने कहा कि हमारा हमेशा अनूठे फूड अनुभव निर्मित करने का प्रयास रहता है और एडिशन काड्र्स विशेषरूप से उन लोगों के लिए बना है जो हमेशा पूरी दुनिया में अच्शछे भोजन की तलाश में रहते हैं। हम एक विशिष्शट को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लेकर रोमांचित हैं।

मुफ्त जोमैटो को गोल्शड सदस्यता के लिये हर साल नवीनीकृत कराना होगा। कार्डधारकों को सभी प्रमुख घरेलू हवाई अड्डों पर मुफ्त लाउंज की सुविधा मिलेगी।

उपभोक्ताओं ने किया 34 लाख 57 हजार रुपए का भुगतान

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संचारण/संधारण संभाग दुर्ग के वितरण केन्द्र ठेलका व धमधा के ग्राम मुख्यालयों यथा ठेलका, मोहरेंगा, बरहापुर, भाटाकोकड़ी, धाराभाठा, पेन्ड्रावन के विभिन्न ग्रामों में इस माह लगातार सघन विद्युत बकाया वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बकायेदारों से विद्युत बकाया भुगतान करने की अपील की गई। बकाया वसूली अभियान के दौरान अपील किये जाने पर इस माह 1027 बकायेदारो द्वारा 34 लाख 57 हजार 551 रुपए का भुगतान कर दिया गया। इसी कड़ी में बार-बार नोटिस अथवा अपील करने के बावजूद भी बिजली बिल की राशि का भुगतान नहीं करने वाले 253 बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्षन काट दिया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि समय पर बिजली बिल का भुगतान करें एवं अप्रिय विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन, सहायक अभियंता श्री आर.एल.सिन्हा, कनिश्ठ अभियंता श्री ओमनदास मानिकपुरी एवं लाइन स्टाफ की टीम के द्वारा विद्युत बकाया वसूली एवं लाईन विच्छेदन के साथ-साथ विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत के समुचित उपयोग हेतु प्रचार-प्रसार किया गया एवं हाफ बिजली बिल योजना की जानकारी भी दी गई।

आज का भविष्यफल

मेषः आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा।

वृषभः आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है। सायंकाल के समय सामाजिक संबंध लाभदायक रहेगा।

मिथुनः आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों में हास परिहास में व्यतीत होगा।

कर्क :आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे।

सिंहः आज शत्रुजनित षड़यंत्र, लोकपवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुःश्चिन्ताओं से मन क्षुब्ध रहेगा। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा।

कन्याः आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः आज आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अंतर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी। दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है।

वृश्चिकः आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

धनुः किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रूका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जायेगा-इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें।

मकरः आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

कुंभः आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है।

मीनः चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष पर विराजमान है। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी कंपटीशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा।

सू- दोकू क्र.051

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.50 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	[illegible]	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

शब्द सामर्थ्य -051

बाएं से दाएं
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दाहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीबी 20. मसालेदार सुगंधित मुरही।

ऊपर से नीचे
1. उचित, उपयुक्त, वाजब 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजना 14. अवयंद्वीप 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 50 का हल

■ न्यूज गैलरी

हार्ट अटैक से हुई सीआरपीएफ जवान की मौत

सुकमा। जिले के करनपुर ट्रेनिंग कैम्प में तैनात सीआरपीएफ का एक जवान छेड़ी उर्फ इसरार यहां एक ट्रेनिंग के दौरान अपनी दौड़ पूरी होने के तुरंत बाद हार्ट अटैक के कारण कल रविवार को उनकी मौके पर ही मौत हो गई। छेड़ी उर्फ इसरार यूपी के मऊ जिले के निवासी हैं, वे सीआरपीएफ 120 बटालियन मेघालय के वेस्ट गालो हिल्स से ऑन प्रमोशन दोरनापाल में 74 बटालियन में आए थे। उनकी एक ट्रेनिंग जिसमें उन्हें दस किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी। इस दौड़ को तो उन्होंने बिना किसी परेशानी के पूरा कर लिया लेकिन उसके तुरंत बाद तबियत बिगड़ गई और वे वहीं पर गिर गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक आया और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेजा गया हजारों की संख्या में आस पास के गांवों के लोग आज उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए, जवान को उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

पटना के लिए 8 को दुर्ग रवाना होगी होली स्पेशल ट्रेन

रायपुर। होली पर्व को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग- पटना- दुर्ग के बीच 08295/ 08296 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह गाड़ी 08295 दुर्ग से 8 मार्च रविवार को 16:15 बजे रवाना होगी एवं 09 मार्च सोमवार को 11:45 बजे पटना पहुंचेगी । यह गाड़ी रायपुर से 17:05 बजे, भाटापारा से 18.02 बजे बिलासपुर से 19:10 बजे पटना के लिए रवाना होगी । गाड़ी संख्या 08296 पटना- दुर्ग होली एक्स. पटना से बुधवार 11 मार्च को 12:45 बजे रवाना होकर अगले दिन 12 मार्च गुरुवार को 10:30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह गाड़ी रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, बोकारो सिटी, गया होते हुए पटना पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 एसएलआर कोच, 2 सामान्य श्रेणी के कोच 14 स्लीपर कोच 2 एसी थ्री कोच एवं 01 एसी टू कोच सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

कृषि, सेवा क्षेत्र उद्योग व्यवसाय चारो ओर आर्थिक प्रगति : कांग्रेस

रायपुर। वर्ष 2019-20 में आर्थिक सर्वेक्षण के प्रमुख बिन्दु जारी करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि एक ओर देश में जीडीपी 5 प्रतिशत से नीचे चला गया है, दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार की सशक्त और अच्छी आर्थिक नीतियों के चलते सकल राज्य घरेलू उत्पाद में प्रचलित भावों में 8.26 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की गयी है। छत्तीसगढ़ के विकास और प्रगति के लिये कांग्रेस सरकार की नीतियों और मुख्यमंत्री के साथ-साथ वित्त मंत्री की भी जिम्मेदारी सम्हाल रहे भूपेश बघेल का कुशल वित्तीय प्रबंधन है। 11000 करोड़ की कर्जमाफी और 21095 करोड़ की 2500 रू. में धान खरीदी भूपेश बघेल सरकार की ऐसी उपलब्धियां है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुये राष्ट्रपति कोविंद, मुख्यमंत्री बघेल व राज्यपाल भी रहीं मौजूद

74 विद्यार्थियों को गोल्ड तो 75 को पीएचडी डिग्री से नवाजा

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर में आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 8वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की और 74 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा 75 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। सुबह 11 बजे शुरू हुये इस दीक्षांत समारोह में 9 संकायों के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को गोल्ड प्रदान किये गये। इससे पहले दीक्षांत समारोह शोभायात्रा निकाली गई और विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रपति कोविंद ने समूह फोटो भी खिंचाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक मोडक, कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता और कुलसचिव प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में 74 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया। जिनमें 44 छात्राएं एवं 30 छात्र शामिल रहे। इसी प्रकार 75 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। जिनमें 49 छात्र और 29 छात्राएं शामिल रही। दीक्षांत समारोह को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लगभग 13 मिनट तक संबोधित किया और संबोधन से उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

सोमवार शुभ दिन दीक्षांत समारोह होना सुखद संयोग- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि बिलासपुर केन्द्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध समाज सुधारक और सतनाम पंथ के संस्थापक गुरू घासीदासजी के नाम पर स्थापित है। गुरूजी के अनुयायियों की मान्यता के आधार पर सोमवार शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि सन् 1756 में सोमवार के दिन ही गुरू घासीदास का अवतरण हुआ था और आज केन्द्रीय विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह का दिन भी सोमवार है। राष्ट्रपति ने इस शुभ दिन पर अपनी पढ़ाई पूरी कर दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास जी ने हमेशा समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिये सदमार्ग सुझाया। गुरू घासीदास जी ने मनखे-मनखे एक समान के आदर्श पर चलकर समाज में मेलजोल, समरसता से रहने और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि गुरू घासीदास जी कहते थे कि सत्य की सेवा ही मनुष्य की करूणा, चैतन्य, प्रेम, संयम तथा चरित्र का प्रतीक होता है। इसीलिये लोगों को सद्चरित्र निर्माण के लिये सतनाम का अनुसरण करना ही चाहिये और सभी धर्मों की अच्छी बातों-आदर्शों का अनुसरण करना चाहिये।

शिक्षा का उद्देश्य अच्छा इंसान बनना, केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं

राष्ट्रपति कोविंद ने दीक्षांत समारोह में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना होना चाहिये। उन्होंने कहा कि एक अच्छा इंसान अपने व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यवसायिक सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ होगा। अच्छा इंसान यदि डॉक्टर बनेगा तो अच्छा डॉक्टर बनेगा, यदि इंजीनियर बनेगा तो अच्छा इंजीनियर बनेगा। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अच्छा इंसान सामाजिक जीवन में भी अपना श्रेष्ठ देता है। वह अच्छा बेटा, अच्छा भाई, अच्छा पति, अच्छा पिता बनता है तो वही बेटियां अच्छी बेटी, अच्छी बहन और अच्छी पत्नी, अच्छी मां बनकर देश और समाज के विकास में सहभागी होती है। उन्होंने कहा कि विद्या में नैतिक मूल्यों का समावेश बहुत जरूरी है क्योंकि नैतिक मूल्यों के बिना प्राप्त विद्या समाज के लिये कल्याणकारी नहीं हो सकती। राष्ट्रपति ने शिक्षकों से आव्हान किया कि वे विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन, सहिष्णुता तथा कानून के प्रति सम्मान और समय पालन जैसे जीवन मूल्यों को समझायें। ताकि वे एक लोकतांत्रिक देश के सच्चे नागरिक बन सके और कानून के शासन का मजबूत बना सके।

इन्हें मिला गोल्ड मेडल

कुमारी क्वीनी यादव बीएससी ऑनर्स गणित 94.49 प्रतिशत अंक, अर्पिता नायक एमएससी जुलाजी 92.3 प्रतिशत अंक, कुमारी चंद्रिका बीएससी ऑनर्स भौतिक शास्त्र 92 प्रतिशत अंक, दबारून दास भौमिक बीटेक मैकेनिकल 90.1 प्रतिशत अंक, किशोर कुमार कोठारी एमए अर्थशास्त्र 90.1 प्रतिशत अंक, कुमारी पूजा पटेल बीकॉम ऑनर्स 90 प्रतिशत अंक, विनोद कुमार खुंटे एमलिब 89.8 प्रतिशत अंक, कुमारी आयुषी सिंह डीफार्मा 88.1 प्रतिशत अंक, कुमारी माधुरी मरकाम बीकॉम एलएलबी 83 प्रतिशत अंक। कुमारी क्वीनी यादव को विश्वविद्यालय में सभी संकायों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिये गुरू घासीदास पदक से भी नवाजा गया।

राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं शोध नवाचारों की तारीफ की

राष्ट्रपति कोविंद ने गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा एवं शोध के लिये किये जा रहे नवाचारों की भी तारीफकी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य में केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विलुप्त हो रही भाषाओं को संरक्षण देने और उनका संवर्धन करने के लिये इन डेंजर्ड लेंग्वेज सेंटर स्थापना की है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं का संरक्षण समाज के लिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इन भाषाओं को बचाने से हमारी परंपरा और संस्कृति की भी रक्षा होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों की मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन कर उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये प्रेरित करने पूर्व सफल विद्यार्थियों को भी साल में कम से कम एक बार विश्वविद्यालय अवश्य आना चाहिये। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा अब तक शिक्षा और शोध के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों और नवाचारों की सराहना की और कहा कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ने के लिये कुछ लक्ष्य निर्धारित करने चाहिये। विस्तृत कार्ययोजना बनाकर उन लक्ष्यों को पाने का प्रयास करना चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि गुरू घासीदास विवि को आने वाले 10 वर्षों में देश के सर्वोत्तम विश्वविद्यालयों में शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि लक्ष्य ऊँचा हो, संकल्प मजबूत हो तो लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अपने आप ही प्रयास तेज हो जाते हैं और ऐसे कामों में निश्चित सफलता मिलती है।

संसाधनों से अधिक युवाओं की प्रतिभा पर विश्वास जताने की जरूरत : सीएम बघेल

दीक्षांत समारोह को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने इस समारोह में स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। बघेल ने कहा कि युवाओं की जितनी जरूरत नये संसाधनों की है, उससे अधिक जरूरत उनकी प्रतिभा पर विश्वास जताने की है। मुख्यमंत्री ने कहा अच्छी पढ़ाई का अपना अलग महत्व है। लेकिन गुण, कौशल, विशेषतायें भी युवाओं के लिये कई रास्ते खोलती हैं, जिससे उन्हें अपने आप को सिद्ध करने का अवसर मिलता है। श्री बघेल ने कहा कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम और शोध सुविधाओं को आज की मांग के अनुसार मानव संसाधन तैयार करने वाली होना चाहिये। उन्होंने स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग वेल्यू एडिशन और क्षेत्रीय विसंगतियों को दूर करने के लिये उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यवहारिक बदलावों की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता, संस्कृति, विरासत और लोक रंगों से युवाओं को जोड़ने और उन्हें आगे बढ़ाने की भी जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी की परिकल्पना पर उच्च शिक्षा के साथ-साथ हर एक विद्यार्थी को अपने गांव के विकास, पशुधन संरक्षण और कृषक जीवन के विषय को अध्ययन, अध्यापन से जोड़ने की जरूरत है, ताकि उच्च शिक्षा जीवन के सभी पहलुओं से जुड़ सके और हमारे विद्यार्थी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और अस्मिता को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के महाविद्यालयों में लगभग 1500 शैक्षणिक और खेल अधिकारी के पदों पर भर्ती की जा रही है। खेल प्रतिभाओं को संवारने के लिये छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण बनाया गया है।

74 स्वर्ण पदकों में से 44 छात्राओं को दो पदक पाने वाली क्वीनी बनी क्वीन

राष्ट्रपति कोविंद ने विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह में 74 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 75 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधियां प्रदान की। उन्होंने 74 गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों में 44 छात्राओं के शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उपस्थित विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि एक छात्रा ने दो पदक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विवि के साथ-साथ पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के पालक भी गौरवान्वित होते हैं। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के 9 टॉपर विद्यार्थियों को 10 गोल्ड मेडल प्रदान किये। राष्ट्रपति ने बीएससी ऑनर्स गणित संकाय की टॉपर कुमारी क्वीनी यादव के गुरू घासीदास स्वर्ण पदक एवं विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक से सम्मानित किये जाने पर भी छात्रा को बधाई दी और कहा कि इस छात्रा का नाम उसके माता-पिता ने कुमारी क्वीनी रखा है, परंतु उसने अपने श्रेष्ठ क्षमता प्रदर्शन से दो गोल्ड मेडल जीतकर अपने नाम को चरितार्थ करते हुए क्वीन का दर्जा पा लिया है। राष्ट्रपति के कुमारी क्वीनी को क्वीन संबोधन पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इसे नये भारत की नयी तस्वीर बताया और कहा कि इस नयी तस्वीर को हम आज गुरू घासीदास विवि के दीक्षांत समारोह में जीवंत होता देख रहे हैं।

डीजीपी अवस्थी बोले जुर्माना वसूलने से बड़ी है लोगों की जान की कीमत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। डीजीपी डी.एम. अवस्थी ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के यातायात प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्री अवस्थी ने पिछले वर्ष प्रदेशभर में सड़क दुर्घटनाओं में हुई 4 हजार 9 सौ 56 मौतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जुर्माने से बड़ी लोगों की जान की कीमत है। यातायात प्रभारियों की जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं, तेज गति वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें। श्री अवस्थी ने सभी को निर्देशित किया कि एक माह के अंदर यातायात प्रभारी, जिला बल के साथ ट्रैफिक्र व्यवस्था को दुरुस्त करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान की कीमत उसके परिवार के लिए बहुमूल्य है। ट्रैफिक्र पुलिस का कार्य ट्रैफिक्र व्यवस्था को सुधार कर लोगों को दुर्घटनाओं से बचाना है। लोगों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए प्रत्येक जिले में स्पीड रडार लगायें। तेज गति वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करें। कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को दुर्घटनाओं से बचाना होना चाहिए ना कि जुर्माना वसूलना। श्री अवस्थी ने निर्देशित किया कि रात से सुबह तक स्पेशल पेट्रोलिंग कर तेज गति के वाहनों पर नियंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह यातायात प्रभारियों की समीक्षा की जाएगी।

एकलव्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जाएगी: डॉ. टेकाम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अध्यक्षता में मंत्रालय में राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम संस्थान समिति 'संचालक मंडल' की बैठक आयोजित की गई। डॉ. टेकाम ने बैठक में कहा कि प्रदेश में संचालित एकलव्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के बाद प्रतियोगी परीक्षा और इंजीनियरिंग, मेडिकल के लिए कोचिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश नीति 2021-22 में सीटों के आरक्षण में अनुसूचित जनजाति में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार, अबूझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, बैगा, पण्डो और भुंजिया के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाए। डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं में सीट्स रिक्त होने पर लेटरल इंट्री की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव केन्द्र को भेजा जाए। निष्ठा योजना अंतर्गत नक्सल हिंसा से पीड़ित पालकों के बच्चों को एकलव्य विद्यालय में प्रवेश की अनुमति के संबंध में भी प्रस्ताव भेजा जाए। बैठक में केन्द्र द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातियों का संचालन एकलव्य सोसायटी के अंतर्गत लाने के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। डॉ. टेकाम ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण की कार्ययोजना तैयार की जाए।

मैरिट के आधार पर करें बच्चों की सूची तैयार

बैठक में बताया गया कि बोर्ड परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को कोचिंग देने के लिए मैरिट के आधार पर बच्चों की सूची तैयार कर ली गई है। इन बच्चों को बोर्ड परीक्षा के बाद 40 दिन की कोचिंग दिया जाना प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2020-21 में नवीन एकलव्य विद्यालय प्रारंभ करने के लिए जिन विद्यालयों के भवन और संसाधन उपलब्ध हैं वहां के प्रस्ताव केन्द्र को भेजे जाएंगे। शिक्षण सत्र 2020-21 में बालक और बालिकाओं को नवीन शाला गणवेश प्रदाय करने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग को आर्डर दे दिया गया है।

आवासीय छात्रों को बाजार मूल्य से कम कीमत पर मिलेगी गुणवत्तायुक्त खाद्य समाग्री

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए संचालित बिहान योजना से उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पाद बाजार दर से कम कीमत पर छात्रावासों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कोण्डागांव जिले की महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पाद अब सीधे इन छात्रावासों को नियत दर पर उपलब्ध कराये जाएंगे। जिससे उत्पादों की दर बाजार कीमतों से भी कम होगी और जिले के छात्रावासों को एक समान उच्च गुणवत्ता की समाग्री थोक मूल्य पर प्राप्त होगी। भविष्य में आवश्यकतानुसार प्रतिमाह इनकी मात्रा भी बढ़ायी जायेगी। इससे जिले में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को न केवल रोजगार प्राप्त हो रहा है अपितु गुणवत्तापूर्ण खाद्य समाग्री से बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं पोषण वृद्धि में भी सहायता हो रही है। जिले के सभी 138 छात्रावासों एवं आश्रमों के लिए बिहान समूह द्वारा निर्मित दैनिक उपयोग की सामग्रियों के लिए 'अन्नपूर्णा भण्डार' की स्थापना की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा 98 हजार की लागत से 9 प्रकार के दैनिक उपभोग के सामानों की सप्लाई की जा रही है। जिसमें धनिया, हल्दी, मिर्च, मसाले, राहर एंव मसूर दाल, चना, मटर, नहाने का साबुन, वाशिंग पाउडर शामिल हैं।